दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 77 जयपुर, रविवार, 25 फरवरी, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**इलेक्शन कमीशन की बड़ी चेतावनी: सभी राज्य सरकारों को ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर दिए सख्त निर्देश, कहा...**

# खानापूर्ति के लिए नहीं होने चाहिए आईएएस और IPS के तबादले

एजेंसी। नई दिल्ली

इलेक्शन कमीशन ने शनिवार को सभी राज्य सरकारों को आईएएस-आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर निर्देश जारी किया। इलेक्शन कमीशन ने सरकार की ओर से हाल ही के दिनों में किए जा रहे प्रशासनिक तबादलों पर आपत्ति जताई।

चुनाव आयोग ने कहा कि कुछ राज्यों में आईएस आईपीएस अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग उसी संसदीय क्षेत्र में कहीं और की जा रही है, जहां वह बीते तीन साल से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह इलेक्शन कमीशन के पॉल ट्रांसफर पॉलिसी की खानापूर्ति के मकसद से किया जा रहा है।




इलेक्शन कमीशन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वह प्रशासनिक अधिकारियों का ट्रांसफर दूसरे संसदीय क्षेत्र में करें। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुट गया है। सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से नियमित तौर पर बैठकें कर रहा है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े कामों की तैयारियों में जुटा हुआ है।

### पॉल ट्रांसफर पॉलिसी के मुताबिक काम करता है चुनाव आयोग

चुनाव में गड़बड़ियों को रोकने के लिए चुनाव आयोग पॉल ट्रांसफर पॉलिसी के मुताबिक काम करता है। इसके तहत किसी भी एक स्थान पर तीन साल से ज्यादा समय से सेवा दे रहे अफसरों का तबादला दूसरे स्थान पर किया जाता है। चुनाव से पहले सभी राज्यों को इन नियमों को पूरा करना जरूरी होता है। ऐसे में कुछ राज्यों ने चालाकी दिखाते हुए अफसरों का तबादला उसी संसदीय क्षेत्रों में किसी दूसरी जगह पर कर दिया, जहां पर वह पहले से काम कर रहे थे। चुनाव आयोग ने इसी बात पर ध्यान रखते हुए यह निर्देश जारी किया।

**गड़बड़ियों को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति**

इलेक्शन कमीशन ने कहा कि चुनावों को किसी भी तरह की गड़बड़ियों से मुक्त बनाने के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। मौजूदा समय में कुछ राज्यों में जो ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर हो रहा है वह पॉलिसी के खिलाफ हैं। इसमें इलेक्शन कमीशन के नियमों का पालन किया जाना चाहिए।

### फेक वॉट्सअप ग्रुप को लेकर किया आगाह

इलेक्शन कमीशन ने एक फेक वॉट्सअप ग्रुप को लेकर आगाह किया। दरअसल, एक व्हाट्स एप ग्रुप पर लोकसभा चुनाव 2024 का सारा शेड्यूल जारी किया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि अभी तक चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करके लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान करेगा।

### राज्यों का दौरा कर रही है आयोग की टीम

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने अलग-अलग राज्यों में जाकर हालात और व्यवस्थाओं का जायजा लेना शुरू कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इसी सिलसिले में चेन्नई में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के चुनाव अधिकारियों से मुलाकात की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इन राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की है।

### दिव्यांगों को भी मिलेगी इलेक्शन ड्यूटी

चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह से कदाचार मुक्त चुनाव कराएगा। इस बार दिव्यांग कर्मचारियों को भी इलेक्शन ड्यूटी में लगाया जाएगा। कुछ मतदान केंद्रों पर दिव्यांग और महिला स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी। इससे ऐसे कर्मचारियों को भी अपना क्षमतओं को देखना का मौका मिलेगा। यह दिव्यांग और महिला कर्मचारियों को सामान्य कर्मचारियों की तरह ही मौका देने की कोशिश है।

## जरूरी खबर

### हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक अरेस्ट



**नई दिल्ली।** हल्द्वानी हिंसा में शनिवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हल्द्वानी में 8 फरवरी को बनभूलपुरा इलाके में भड़की हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल मलिक हिंसा की घटना सामने आने के बाद से ही फरार था। अब्दुल मलिक पर झूठे शपथपत्र दाखिल कर कोर्ट और सरकारी अधिकारियों को चकमा देने के लिए आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। पुलिस ने अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। हालांकि, उसने न ही पुलिस के सामने और ना ही कोर्ट के सामने सरेंडर किया।

### UP के सीएम योगी आदित्यनाथ बाल बाल बचे



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला शनिवार की शाम दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा लखनऊ में हुआ। इसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों हुए लोगों में से पांच पुलिसकर्मी हैं। वहीं, हादसे में छह आम नागरिकों के भी घायल होने की जानकारी मिली है। दुर्घटना उस समय घटी तक काफिले का एक एंटी डेमो व्हीकल लखनऊ में एक कुत्ते को बचाने की कोशिश में हादसा हुआ। इसकी वजह से गाड़ी पलट गई। इस हादसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाल-बाल बच गए।

**देश में लागू होगा नया क्रिमिनल लॉ, सरकार ने की घोषणा**

# एक जुलाई से अंग्रेजों के जमाने के कानून होंगे खत्म

## भारतीय न्याय संहिता समेत 3 कानूनों में अहम बदलाव

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। भारत न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, ये तीन नए आपराधिक कानून 1 जुलाई से देश में लागू होंगे। ये तीनों कानून ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CRPC) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानूनों की जगह लेंगे। नए कानूनों में कई अहम बदलाव भी किए गए हैं, जैसे राजद्रोह को हटाया गया है। आतंकवादी गतिविधियों की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। यौन अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इन कानूनों का उद्देश्य लीगल सिस्टम को मॉडर्न जरूरतों के अनुरूप लाना और राष्ट्र की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।

तीनों नए कानूनों को पिछले साल अगस्त में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में पेश किया था, हालांकि बाद में इन्हें संसद की स्थायी समिति को भेज दिया गया था। स्थायी समिति द्वारा संदर्भित परिवर्तनों को शामिल करने के लिए इन विधेयकों को वापस ले लिया गया था। दिसंबर में सरकार ने दोबारा पेश किया था। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद राष्ट्रपति के पास भेजा गया था। राष्ट्रपति के साइन करते ही यह कानून बन गया। अब सरकार इसे पूरे देश में लागू करने जा रही है।



### राजद्रोह को हटाया गया, आतंकवाद पर सख्त एक्शन

नए कानूनों के तहत, जो भी शख्स देश को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। इसमें खास बात ये है कि अगर कोई आरोपी शख्स भारत से बाहर भी छिपा हुआ है तो भी उसके खिलाफ केस चलाया जा सकता है। अगर वो 90 दिनों के भीतर कोर्ट में पेश होने में विफल रहता है, तभी केस चलेगा। ऐसे मामलों में, आरोपी शख्स की अनुपस्थिति में केस चलेगा और अभियोजन के लिए एक पब्लिक प्रॉसीक्यूटर नियुक्त किया जाएगा।

### लोगों की भलाई के लिए हैं कानून



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में तीन नए कानूनों को पेश करते हुए कहा था कि नए कानून भारतीयता, भारतीय संविधान और लोगों की भलाई के लिए हैं। तीन कानूनों के तहत सभी प्रणालियां लागू होने के बाद भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली पांच साल में दुनिया में सबसे उन्नत बन जाएगी।

### नए कानूनों में क्या है खास

शाह ने स्पष्ट किया कि राजद्रोह तभी लागू होगा, जब यह राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता और एकता के खिलाफ हो, ना कि केवल सरकार के खिलाफ। सरकार की आलोचना करने की अनुमति है, लेकिन देश के झंडे, सुरक्षा या संपत्ति में हस्तक्षेप करने पर जेल हो सकती है। नए कानून आतंकवादी गतिविधियों को भी परिभाषित करते हैं जो केंद्र सरकार, किसी भी राज्य, विदेशी सरकार या अंतरराष्ट्रीय सरकारी संगठन की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। पहली बार टेररिज्म को परिभाषित किया गया है और इसे दंडनीय अपराध बनाया गया है।

### किसमें क्या बदला?

**IPC**

अब इसे भारतीय न्याय संहिता कहा जाएगा। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं होंगी। 21 नए अपराध जोड़े गए हैं। 41 अपराधों में कारावास की अवधि बढ़ाई गई है। 82 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। 25 अपराधों में जरूरी न्यूनतम सजा शुरू की गई है। 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा का दंड रहेगा। 19 धाराओं को खत्म कर दिया गया है।

**CrPC**

गिरफ्तारी, जांच और केस चलाने की प्रक्रिया सीआरपीसी में लिखी हुई है। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी। 177 धाराओं को बदल दिया गया है। 9 नई धाराएं जोड़ी गईं हैं और 14 को खत्म कर दिया गया है।

**इंडियन एविडेंस एक्ट**

केस के तथ्यों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, ये सब इंडियन एविडेंस एक्ट में है। इसमें पहले 167 धाराएं थीं। भारतीय साक्ष्य संहिता में 170 धाराएं होंगी। 24 धाराओं में बदलाव किया गया है। दो नई धाराएं जुड़ीं हैं। 6 धाराएं खत्म हो गईं हैं।

### लड़कियों और बच्चों पर अपराध में सख्ती

नए कानून में 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों से जुड़े यौन उत्पीड़न के मामलों को रोकने के लिए कई बड़े बदलाव किए गए हैं। इसमें नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले को पॉक्सो के साथ जोड़ा गया है। ऐसे केस में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का भी प्रावधान किया गया है। गैंगरेप में 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। नाबालिग से गैंगरेप को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है।

**हमने डेढ़ माह में पूरा किया ERCP का वादा**



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को पूर्वी राजस्थान के दौरे रहे। इस दौरान उन्होंने अलवर, डीग और भरतपुर जिलों में आभार सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार बनने के डेढ़ महीने के अंदर ही ईआरसीपी परियोजना को पूरा कर भाजपा ने अपना वादा निभाया।* विस्तृत समाचार पेज 2 पर

**माघी पूर्णिमा पर गंगा नहाने के लिए जा रहे थे**

# यूपी के कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटी, 24 की मौत

## मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की सहायता

एजेंसी। कासगंज

उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार सुबह भीषण हादसा हो गया। इसमें 24 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में 54 लोग सवार थे। मृतकों में सात बच्चे और आठ महिलाएं शामिल हैं।

ये सभी लोग माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए गए थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। हादसे की खबर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने परिजन के लिए सदभावना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख रुपए और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए आर्थिक मदद की घोषणा की है।



घटना कासगंज जिले की पटियाली कोतवाली क्षेत्र के दरियावगंज पटियाली मार्ग के बीच पड़ने वाले गढ़इया गांव के पास हुई। जहां एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के गांव छोटे कस के रहने वाले लोग पूर्णमासी के चलते गंगा स्नान करने कासगंज की पटियाली तहसील क्षेत्र के कादरगंज गंगा घाट पर जा रहे थे।

तभी दरियावगंज क्षेत्र के ग्राम गढ़िया के निकट एक वाहन से टक्कर होने से बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। ट्रॉली में किनारे साइड खड़े लोग तो छिटककर दूर जा गिरे, लेकिन अंदर बैठे लोग पानी में चले गए। कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में दब गए थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर एंबुलेंस और पुलिस बल भी पहुंच गया। बेहोश लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

**बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज से खास बातचीत**

# कर्मचारी चयन बोर्ड फर्जी डिग्री देने वाली यूनिवर्सिटी पर एक्शन की तैयारी में

**Q भर्ती के हिसाब से डिग्री ले आते हैं अभ्यर्थी, मामले पर कब चलेगा कार्रवाई का डंडा? A बोर्ड अध्यक्ष बोले- डिग्री जांच के लिए नहीं कोई भरोसेमंद तंत्र, शिकायत मिलने पर एक्शन**

कुणाल भटनागर | बेधड़क

*जयपुर। राजस्थान में विभिन्न भर्तियों में शामिल होने वाले कई अभ्यर्थी फर्जी डिग्री के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो जाते है। आश्चर्य की बात है कि ऐसे अभ्यर्थियों का चयन होने के साथ ही जॉइनिंग भी हो जाती है। 'सच बेधड़क' के पास ऐसे कुछ अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी है। आखिर अभ्यर्थी कैसे फर्जी डिग्री प्राप्त करता है और इस पर लगाम लगाने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड क्या कार्रवाई कर रहा है। इसे लेकर 'सच बेधड़क' ने बोर्ड अध्यक्ष मेजर आलोक राज से खास बातचीत की है।*

**Q** ***कूटरचित तरीके से डिग्री देने और लेने वालों पर बोर्ड क्या एक्शन करेगा?***

**A** अध्यक्ष- कूटरचित तरीके से डिग्री बनवाने वाले अभ्यर्थियों को लेकर बोर्ड सख्त है। ऐसे अभ्यर्थियों को बोर्ड डिबार करने के साथ ही एफआईआर भी दर्ज करवा सकता है। भविष्य में ऐसे अभ्यर्थी कभी भी बोर्ड की परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। इसके साथ हम ऐसी यूनिवर्सिटियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं जिन्होंने गलत तरीके से डिग्रियां बांटी हैं, जिस अभ्यर्थी ने डिग्री तो सही तरीके से की है लेकिन उसकी डिग्री या डिप्लोमा को एनसीटीई से मान्यता नहीं है तो ऐसे अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित करेंगे। फर्जी डिग्री देने के मामले में दो यूनिवर्सिटियों पर बोर्ड जल्द एक्शन लेने की तैयारी में है। हम ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए लगाातार प्रयास कर रहे हैं।

**Q** ***क्या दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में है कोई कमी?***

**A** दस्तावेज सत्यापन के दौरान डिग्रियों की जांच के लिए कोई फूल प्रूफ प्रक्रिया नहीं है। इसका फायदा फर्जी अभ्यर्थी और दलाल उठा रहे हैं। सत्यापन के दौरान यह जरूर चेक किया जाएं कि किस अभ्यर्थी ने कब कौन सी डिग्री की है। अभ्यर्थी जो डिग्री लगाता है उसे सही मान लेते हैं। जब किसी डिग्री की शिकायत मिलती है तो जांच की जाती है। जब मुझे पता चला कि अभ्यर्थियों के पास फर्जी डिग्री है तो अब ऐसे अभ्यर्थियों पर सख्त एक्शन की तैयारी की जा रही है। ऐसा कोई सिस्टम नहीं बना हुआ है, मैं चाहता हूं कि ऐसा सिस्टम बने जिससे अभ्यर्थियों की सारी डिग्री चेक हो जाए। जो डिग्री डिजी लॉकर पर संबधित बोर्ड द्वारा अपलोड की गई है उसे सही मान सकते हैं। इसलिए सिस्टम ऐसा होना चाहिए कि हर यूनिवर्सिटी की डिग्री डिजी लॉकर पर होनी चाहिए।



**Q** ***अभ्यर्थी फर्जी डिग्री कैसे लाता है?***

**A** अध्यक्ष- तीन तरीके से डिग्रियों के मामले में फर्जीवाड़ा होता है। पहला- बच्चे ने किसी दलाल से सीधी डिग्री बनवा ली और उस पर किसी भी यूनिवर्सिटी की मोहर लगवा ली। यह पूरी तरह जाली दस्तावेज हो जाता है। दूसरा- किसी यूनिवर्सिटी ने डिग्री तो सही दी है, लेकिन उसको एनसीटीई से मान्यता ही नहीं है। तीसरी- कई यूनिवर्सिटी के पास एनसीटीई से मान्यता तो है, लेकिन वो डिग्रियां बांट रही हैं।

## जरूरी खबर

### जिले के नवनियुक्त CMHO ने किया कार्यभार ग्रहण



**बेधड़क.जयपुर।** स्वास्थ्य महकमें में तबादलों के बाद जिले में दोनों सीएमएचओ को बदला गया है। नए सीएमएचओ ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। सीएमएचओ जयपुर प्रथम के पद पर डॉ. रवि शेखावत ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यालय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। इस अवसर उन्होंने कहा कि राज सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी आपसी समन्वय से कार्य करें। वहीं सीएमएचओ द्वितीय के पद पर डॉ. हंसराज भदालिया ने भी पदभार ग्रहण किया।

### सामुदायिक केंद्र का 20 लाख से होगा निर्माण

**बेधड़क.जयपुर।** नगर निगम जयपुर हेरीटेज के किशनपोल जोन की आजाद बस्ती में शनिवार को सांसद रामचरण बोहरा ने सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। 20 लाख रुपए की लागत सामुदायिक केंद्र का निर्माण होगा। इस मौके पर बोहरा ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग लोग लंबे समय से कर रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम में किशनपोल विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाडा, किशनपोल जोन के एईएन मोहम्मद इमरान सहित निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक आदि मौजूद थे। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने सांसद बोहरा का स्वागत किया और समुदायिक केंद्र निर्माण के लिए आभार जताया।

### मदन देव जेवरिया को मिला मिला संस्कृत सम्मान



**बेधड़क.जयपुर।** निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा की ओर से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिवेणी नगर में आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत वांडमय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय गुजरात के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. अर्कनाथ चौधरी थे। अध्यक्षता मोहन शरण शास्त्री ने की। समारोह में मदन देव जेवरिया प्राध्यापक राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कनकपुरा को प्रशंसा पत्र, शॉल, मेडल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

---

**योजनाओं की समीक्षा बैठक में बकाया प्रकरणों को लेकर राज्यपाल कलराज मिश्र ने नाराजगी जताते हुए कहा...**

# जनजाति क्षेत्र के लोगों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग से संबंधित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अनुसूचित क्षेत्र के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के बकाया प्रकरणों को लेकर राज्यपाल ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में लापरवाही को भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई और अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों को भरने के लिए समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अनुसूचित क्षेत्र के लोगों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का समुचित और समय पर लाभ मिले।



उन्होंने जनजाति क्षेत्र में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़े जाने, उनके कौशल प्रशिक्षण, चिकित्सा व स्वास्थ्य, विद्युत तथा पेयजल सेवाओं की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को गंभीर होकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों को गरीबी और अभावों से मुक्त कर उनको समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

### राज्यपाल ने दिए ये निर्देश

राज्यपाल मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों में उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए युवाओं को तैयार करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों के विपणन से जुड़ी उद्यमिता विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग व जनजाति उपयोजना मद में बजट आवंटन और व्यय की गई राशि के संबंध में विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने से संबंधित सभी योजनाओं की अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जनजाति क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों, खेल छात्रावास, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली।

### युवाओं के लिए प्रशिक्षण की हो विशेष व्यवस्था

बैठक में जनजाति क्षेत्र विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में चयन के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था हो, ताकि इन क्षेत्रों से भी भारतीय प्रशासनिक और पुलिस व अन्य सेवाओं के अधिकारी चयनित होकर आएं। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास के लिए कोचिंग की प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास के साथ ही बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता जताई।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने पूर्वी राजस्थान के दौरे में कहा...**

# 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार निभा रही वादे'

■ अलवर, डीग व भरतपुर में मुख्यमंत्री ने आभार सभाओं को किया संबोधित

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्वी राजस्थान की प्यास बुझाने वाली ईआरसीपी परियोजना के एमओयू के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को आमजन से रूबरू होने उनके बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री अलवर, डीग और भरतपुर जिलों में जगह-जगह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

उत्साहित जनसमूह ने मुख्यमंत्री को 'राजस्थान का भगीरथ' बताते हुए उनके समर्थन में नारे लगा रहा था। मुख्यमंत्री ने बड़ौदामेव, नगर, डीग और भरतपुर में जनसभाओं को सम्बोधित किया और लोगों को ईआरसीपी परियोजना से उनके क्षेत्र को होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारें जनता से किए वादों को पूरा करने में जुटी हुई है। हमने प्रदेश को ईआरसीपी की सौगात देने का वादा किया था और सरकार बनने के डेढ़ महीने में ही ईआरसीपी परियोजना के लिए केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश सरकार के साथ बात कर यह एमओयू किया। हमने धरातल पर तेजी से काम करते हुए इस परियोजना को पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी को लटकाने-अटकाने और भटकाने का ही काम किया।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ईआरसीपी का बजट घोषणाओं में बार-बार जिक्र जरूर किया, लेकिन इसके समाधान को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के किसानों, मातृ शक्ति व आमजन के जीवन में सुखद बदलाव आएगा और गांव, खेत तथा घरों तक पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

ईआरसीपी की डीपीआर में सम्मिलित 26 बांधों के अलावा आगे चलकर इसमें 122 बांध और जोड़ने की योजना है।



### अलवर के 3, भरतपुर के 5 बांधों में आएगा पानी

मुख्यमंत्री ने आभार सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना से अलवर जिले के जयसमंद बांध, घाट पिकअप वियर और धमरेण बांध को पानी मिलेगा। इससे करीब 5 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी तथा लगभग 20 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से भरतपुर जिले के कुल 5 बांधों बंध बारेठा, अजान लोअर, अजान अपर, लालपुर और भटावाली में पानी लाया जाएगा। इससे करीब 14 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी तथा लगभग 56 हजार किसान लाभान्वित होंगे। साथ ही, बंध बारेठा बांध से ऐतिहासिक महत्व की सुजानगंगा में भी पानी डाला जाएगा।

### ईआरसीपी में केन्द्र की होगी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी: शेखावत

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के बाद देश की यह दूसरी नदी लिंक परियोजना है। इसमें पार्वती-कालीसिंध-चम्बल नदी के साथ ईआरसीपी को एकीकृत करते हुए लिंक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर राजस्थान में करीब 45 हजार करोड़ और मध्यप्रदेश में 30 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। एकीकृत ईआरसीपी आजादी के बाद प्रदेश की सबसे बड़ी नहर परियोजना होगी जिसमें प्रदेश के नये जिलों सहित कुल 21 जिलों की साढ़े 3 करोड़ आबादी को अगले 5 दशक तक पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

---

## खबरों में बेधड़क खबर

### बेशकीमती जमीन की बड़ी डील!



राजधानी के सेंट्रल स्पाइन के पास अवाप्तशुदा जमीन का विवाद खाकी में इन दिनों काफी चर्चा में है। क्योंकि जमीन की बाजार कीमत 100 करोड़ रुपए है। दरअसल जमीनी विवाद में एक बड़े भू-कारोबारी को गिरफ्तार हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तब कारोबारी की पत्नी को भी आरोपी बनाया था। अब गामा साहब इस प्रकरण में कारोबारी की पत्नी को राहत देने की तैयारी में है। चर्चा है कि मामले में खाकी के चर्चित अफसर की इस जमीन पर नजर है और एक नंबर में मोटी लेन-देन हुई भी है।

### सर्किल की पोस्टिंग लेने के कई दावेदार

राजधानी में अक्सर चर्चा में रहने वाले मानसरोवर सर्किल में पोस्टिंग लेने के लिए कई पीटर रैंक के अफसर दावेदारी जता रहे हैं। दावेदारों की बड़ी कतार देखकर एक तत्कालीन विक्टर ने सर्किल में प्रोबेशनर आईपीएस की पोस्टिंग करना शुरू कर दिया था। हाल ही में सर्किल से प्रोबेशनर आईपीएस का तबादला हो गया है और अब तक किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है। ऐसे में चर्चा है कि सर्किल में किसी शर्माजी की पोस्टिंग होनी है, लेकिन इसके लिए तीन शर्माजी दावेदारी जता रहे हैं। अब कौन किस पर भारी पड़ेगा यह तो लालकोठी वाले भवन में बैठने वाले साहब ही तय करेंगे।

### साहब के दखल से ब्रेवो की जांच की पोल खुली



जमीन से जुड़े मामले में ब्रेवो द्वारा की गई एक तरफा जांच की पोल खुल गई। दरअसल ब्रेवो ने बिना सबूत के अपने ही अधीनस्थों के खिलाफ मनगढ़ंत षड़यंत्र तैयार कर लिया था। दस्तावेजों के बाद भी खाकी ने एक महिला को उसकी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं करने दिया और उसके बेटे को जबरन आरोपी बनाने लगे। इस मामले में ब्रेवो ने पूरी दिलचस्पी दिखाई। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। प्रताड़ित महिला एमआई रोड़ पर बैठने वाले बड़े साहब के ईमानदारी के चर्चे सुनकर उनके पास पहुंची और पीड़ा सुनाई तो साहब भी अचंभित रह गए। ब्रेवो की पोल खुलने के बाद महिला ने फिर से काम शुरू किया। यह मामला खाकी में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### टाइगर मैडम की वापसी



खाकी में तैनात टाइगर मेडम की लंबे समय बाद फिल्ड में वापसी हो गई है। अंतिम तबादला सूची में नाम देखकर मैडम लालकोठी स्थित सात मंजिला भवन में दुआ-सलाम करने पहुंच गई तो बड़े साहब ने ईमानदारी से कानून व्यवस्था संभालने की नसीहत दे दी। इसको लेकर खाकी के अफसर कई मायने निकाल रहे हैं। चर्चा है कि टाइगर मेडम को राजधानी समेत कई जिलों में पोस्टिंग तो मिली लेकिन अकसर उनकी कार्यशैली अफसरों व राजनेताओं को पसंद नहीं आई तो उनको मजबूरन फिल्ड से हटाना पड़ा था। अब नए जिले में पोस्टिंग मिलने के बाद अफसर चर्चा कर रहे हैं कि जल्द ही फिर से तबादला हो जाएगा।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

---

**सामाजिक न्याय मंत्री ने छात्रावासों का किया निरीक्षण**

# अव्यवस्था पर अधीक्षक सस्पेंड

**बेधड़क** | जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को टोंक में देवली और निवाई में राजकीय अंबेडकर छात्रावासो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान देवली स्थित छात्रावास में कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया, वहीं निवाई में निरीक्षण के दौरान 4 छात्र फर्जी तरीके से छात्रावास में रहते मिले।

इस पर गहलोत के आदेशानुसार छात्रावास अधीक्षक राजेंद्र चौधरी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि दुर्गापुरा ढाणी स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास के औचक निरीक्षण के दौरान भी कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया। छात्रावास में 50 स्टूडेंट्स हैं इनमे से 38 स्टूडेंट का हॉस्टल में नामांकन है एवं रजिस्टर चेक करने पर 25 की उपस्थिति मिली, लेकिन हॉस्टल में एक भी स्टूडेंट नहीं था। इस दौरान वॉर्डन भागचंद चौधरी से इस सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इसके बाद अविनाश गहलोत राजकीय अंबेडकर छात्रावास निवाई के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्हें 13 छात्रों में से 4 फर्जी पाए गए। छात्रावास अधीक्षक राजेंद्र चौधरी ने रजिस्टर में 39 बच्चों का रजिस्ट्रेशन दिखाया हुआ था। अनियमिताओं की जांच के लिए राजेन्द्र कुमार शर्मा, उप निदेशक (छात्रावास), मुख्यालय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।



---

**राज्य सिविल सेवा CS चैलेंजर कप शुरू**

# अधिकारियों ने प्रतियोगिता में मैदान पर दिखाया दमखम

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को राजस्थान राज्य सिविल सेवा सीएस चैलेंजर कप लॉन टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज हुआ। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जो कि 26 फरवरी तक चलेगी।

प्रतियोगिता में टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है और इसमें लीग कम नॉक आउट पद्धति पर मुकाबले होंगे। टेनिस प्रतियोगिता में भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान पुलिस सेवा, राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं कॉलेज शिक्षा विभाग की टीमों ने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले दिन अधिकारियों ने मैदान पर खूब दमखम दिखाया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में राजस्थान चिकित्सा सेवा, राजस्थान सचिवालय सेवा, राजस्थान लेखा सेवा, राजस्थान पशुपालन सेवा की टीमों ने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में लेखा सेवा, राजस्थान पशुपालन सेवा, राजस्थान चिकित्सा सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की टीमें सेमीफाइनल में पहुंची।

---

**कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री बोले...**

# दिव्यांगजन साक्षात भगवान... इन्हें सहानुभूति नहीं, सहारे की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं, बल्कि सहारे की जरूरत है। ऐसे में हमें इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।

सामान्य तौर पर हम ऐसे बच्चों की उपेक्षा करते हैं, लेकिन हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। ये चलते फिरते भगवान हैं और हमें इन्हें भगवान मानकर इनकी सेवा करनी चाहिए।

ये बात शिक्षा व पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को सेठ आनंदीलाल पोद्दार राजकीय बाधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम में कही। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। इसका जरूरतमंदों को लाभ मिले इसके लिए अधिकारी और कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करना चाहिए। उनके जीवन स्तर को उच्च बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। इस मौके पर मंत्री दिलावर ने दिव्यांग विद्यार्थियों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए।




### राज्य सरकार दिव्यांग बच्चों की करेगी पूरी मदद

मंत्री दिलावर ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी असाधारण प्रतिभा के धनी होते हैं। कई बच्चे प्रशासनिक सेवाओं में भी चयनित हुए हैं और बहुत अच्छी तरह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसलिए माता-पिता को दिव्यांग बच्चों के प्रति हीन भाव नहीं रखना चाहिए। आगे उन्होंने भरोसा दिया कि राज्य सरकार ऐसे बच्चों और उनके परिजनों की सेवा के लिए हर संभव मदद करेगी।

### मंत्री ने योजना बनाने का दिया निर्देश

कार्यक्रम में मंत्री दिलावर ने कहा कि दिव्यांगजानों को बसों या अन्य सार्वजनिक जगहों पर अपनी आवश्यक क्रियाओं के लिए सामान्य लोगों को समझने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सामान्यजन दिव्यांगों की भाषा को समझे इस पर काम करने की जरूरत है। इस मौके पर मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में काम करें और जल्द ही इसके लिए योजना लेकर आए। इस दौरान 193 बच्चों को अंग उपकरण वितरित किए गए। समग्र शिक्षा के अतिरिक्त प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुरेश कुमार बुनकर ने कहा कि हम सब को दिव्यांगों की मदद के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य भरत जोशी ने कहा कि सेठ आनंदीलाल पोद्दार राजकीय बाधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय उत्तर भारत का सबसे बड़ा दिव्यांग स्कूल है, जहां कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं में कुल 670 बच्चें पढ़ते हैं।

### घुमंतू जाति के लोगों को शीघ्र मिलेंगे पट्टे

मंत्री दिलावर ने पंचायत राज विभाग के अधिकारियों को प्रदेश की सभी पंचायतों में अभियान चलाकर घुमंतू जाति के लोगों को निशुल्क पट्टे जारी करने के आदेश दिए। मंत्री ने कहा कि जब तक पुनर्वास न हो, तब तक इन लोगो को कही से भी नहीं हटाया जाए। पट्टे देकर इनका पुनर्वास किया जाए।

## जरूरी खबर

### भारत जोड़ो नहीं, भारत तोड़ो यात्रा पर हैं राहुल



**जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने राहुल गांधी की राजस्थान में प्रस्तावित भारत जोड़ो यात्रा से पहले उन पर तीखा हमला बोला है। गोपाल शर्मा ने कहा कि जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी बयान दे रहे हैं और देश में तुष्टीकरण, अराजकता, विद्वेष फैलाने का काम कर रहे हैं उससे लगता है कि वो भारत जोड़ो यात्रा पर नहीं बल्कि भारत तोड़ो यात्रा पर निकले हैं। विधायक शर्मा ने यात्रा पर चुटकी लेते हुए कहा कि जहं जहं पैर पड़े राहुल के, तहं तहं बंटाधार। शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की यह यात्रा भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो रही है। हालत ये है कि कमजोर कांग्रेस की मुखिया सोनिया गांधी के लिए लोकसभा चुनाव के लिए कोई सुरक्षित सीट नहीं बची है इसलिए उन्हें राज्यसभा में भेजना पड़ा है।

### सीएस चैलेंजर कप में दमखम दिखा रहे अधिकारी

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सिविल सेवा सीएस चैलेंजर कप लॉन टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नवीन महाजन एवं भवानी सिंह देथा ने शिरकत की। वहीं, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित भी समारोह में मौजूद रहे। प्रतियोगिता के तहत टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता में लीग कम नॉक आउट पद्धति पर मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन कई मैच हुए। रविवार को प्रतियोगिता के तहत सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में कुल 21 टीमें भाग ले रही हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

#### ड्राफ्ट प्लान में 163.5 हेक्टेयर भूमि लेने की तैयारी

# लैंड पूलिंग स्कीम में लोगों की जमीन लेकर विकसित करेगा जेडीए

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण ने प्रदेश की पहली लैंड पूलिंग स्कीम को लेकर ड्राफ्ट प्लान जारी कर दिया है। पुराने टोंक रोड पर ग्राम शिवदासपुरा, चंदलाई और बरखेड़ा में यह स्कीम प्रस्तावित है। लगभग 163.5 हेक्टेयर भूमि पर लाई जाने वाली लैंड पूलिंग स्कीम पर कुल 223 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस राशि से यहां सड़क, रोड लाइट, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इस स्कीम को लेकर अगले 30 दिनों में आपत्ति और सुझाव दिए जा सकेंगे। शिवदासपुरा, चंदलाई और बरखेड़ा में प्रस्तावित इस स्कीम में 40 फीट से लेकर 200 फीट चौड़ी सड़कें प्रस्तावित की गई हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट के अनुसार खातेदारों को जमीन के बदले 35 से 55 प्रतिशत विकसित भूमि बतौर मुआवजा मिल सकेगी।

वहीं नीलामी के लिए जेडीए को 10 प्रतिशत जमीन मिलेगी। मास्टर प्लान में स्कीम की अधिकतर जमीन का भू उपयोग आवासीय है। इसके साथ ही रीक्रिएशनल, सार्वजनिक और अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग है। स्कीम को धरातल पर उतारने में जितना खर्च आएगा, उसमें जमीन के खातेदारों से भी हिस्सेदारी लेने का प्रावधान किया है। गौरतलब है कि बेतरतीब विकास से बचने और नियमन संबंधी दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार ने राजस्थान लैंड पूलिंग स्कीम बिल 2016 पारित करवाया था। इसमें जमीन मालिक से ली गई जमीन के बदले 35 से लेकर 55 प्रतिशत तक विकसित जमीन देने का प्रावधान किया गया।

कॉलोनियों में बसावट और सुविधा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए यह बिल लाया गया था। लैंड पूलिंग की कार्रवाई केवल नगरीय क्षेत्रों में मास्टर प्लान के हिसाब से बसावट और विस्तार के साथ ही ग्रीन फील्ड विकास के तहत हरी-भरी कॉलोनियां बसाने के लिए किया जाना प्रस्तावित था।



### ये है लैंड पूलिंग एक्ट

राजस्थान में लैंड पूलिंग एक्ट के अनुसार किसी बसावट में सरकारी एजेंसी या प्राइवेट बिल्डर जितने भी लोगों की जमीन लेंगे वह सहमति से ली जाएगी। जिन भूखंडों के लिए सहमति नहीं बनेगी, वहां लैंड एक्विजिशन एक्ट के तहत जमीन लेकर उसका मुआवजा दिया जाएगा। सहमति से जमीन सरेंडर करने पर लैंड पूलिंग एक्ट के तहत जमीन क्लब मानी जाएगी। मसलन, अगर किसी स्कीम में 10 लोगों की जमीन ली जा रही है तो ऐसे में उस जमीन को सभी 10 भूखंड मालिकों का समान हिस्सा मानते हुए लैंड पूलिंग मानी जाएगी। उन्हें 35 से लेकर 55 प्रतिशत तक जमीन विकसित कर सौंपी जाएगी।

#### पहल: मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिखाई वेटरनरी वैन को हरी झंडी

# अब पशुओं के लिए 'डोर स्टेप' पर पहुंचेगा चलता-फिरता अस्पताल

### प्रदेशभर में सेवा देंगी 536 वेटरनरी वैन, सबमें मौजूद रहेंगे तीन कर्मचारी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में पशुपालकों को अब घर बैठे पशु चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। दूर दराज के ऐसे इलाके जहां वेटरनरी अस्पताल नहीं होने के चलते बीमार पशुधन काल का ग्रास बन जाता है, उन इलाकों में पशुओं के इलाज की सुविधा 'डोर स्टेप' पर पहुंचेगी। इसके लिए शनिवार को मोबाइल वेटरनरी इकाइयों की शुरुआत की गई। सीएम भजनलाल शर्मा ने ओटीएस परिसर से दोपहर 12.15 बजे गाय की पूजा कर 21 वैन यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ समेत पशुपालन विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




### जयपुर जिले को मिलेंगी 28 वैन

राजस्थान में कुल 536 वैन की सुविधा दी गई है। इसमें 28 जयपुर जिले में मौजूद रहेंगी। वर्तमान में राजस्थान में पशुओं की संख्या लगभग 5.67 करोड़ है। मोबाइल वेटरनरी यूनिट के डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि प्रति एक लाख पशुओं पर एक वैन की सुविधा दी गई है। इन वैन का संचालन सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के सहयोग से होगा। इसमें केंद्र की 60 प्रतिशत और स्टेट की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



### हर वैन में जांच से इलाज तक की सुविधा

प्रदेश में कुल 536 वैन की सुविधा शुरू की गई है। इसके साथ ही पशुपालकों के लिए 1962 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। यह वैन उन इलाकों में पशुपालकों को सुविधा उपलब्ध कराएंगी जहां वेटरनरी हॉस्पीटल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हर वेटरनरी वैन में हमेशा पशुओं को हर तरीके का इलाज देने के लिए ट्रेंड तीन कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद रहेगा। वैन में एक वेटरनरी डॉक्टर, एक कंपाउंडर (पशुधन सहायक) और एक ड्राइवर कम अटेंडेंट मौजूद रहेगा। साथ में वैन में हर वक्त 137 दवाइयां, इंस्ट्रूमेंट, एक फ्रिज भी रहेगा। हर वैन में रेबीज वैक्सीन सहित अन्य विभिन्न वैक्सीन भी मिलेंगी। साथ ही एक छोटी सी लैब की सुविधा भी वैन में बनाई गई है। इससे मौके पर ही ब्लड सैंपल लेकर रोग का इलाज किया जा सकेगा। वैन में एक छोटी सर्जिकल टेबल और पैक मौजूद हैं। इसकी मदद से माइनर ऑपरेशन भी फील्ड में किया जा सकेगा। एक तरह से हर वैन एक चलता-फिरता हॉस्पिटल होगी।

#### कार्रवाई के विरोध में किया प्रदर्शन

# मरीजों का इलाज छोड़ नारेबाजी में जुटे डॉक्टर



**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में गलत खून चढ़ाने के कारण हुई मरीज की मौत को लेकर विवाद की आंच अन्य मरीजों तक पहुंच रही है। राज्य सरकार की आरे से तीन डॉक्टरों को एपीओ व एक नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड किए जाने के बाद शनिवार को रेजिडेंट डॉक्टर्स ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। इस दौरान रेजिडेंट्स ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजीव बगरहट्टा के कार्यालय के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इसके चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

रेजिडेंट्स ने तीनों एपीओ डॉक्टर्स को वापस नियुक्ति देने की मांग करते हुए प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी दी है। रेजिडेंट्स का कहना है कि डॉक्टर्स के खिलाफ बिना जांच के कार्रवाई की गई है। ऐसे में अगर इन आदेशों को वापस नहीं लिया गया तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि बांदीकुई निवासी युवक सचिन शर्मा की गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाने से मौत हो गई थी जिसके बाद राज्य सरकार ने तीन डॉक्टर्स को एपीओ व एक नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया था। एपीओ किए गए डॉक्टर्स में एक सह आचार्य व दो रेजिडेंट्स शामिल हैं।

### इलाज कराए बिना लौटे मरीज

रेजिडेंट डॉक्टर्स के कार्य बहिष्कार का सबसे ज्यादा असर ओपीडी पर दिखाई दिया। डॉक्टरों के नहीं आने से अस्पताल में सुबह 9 से 11 बजे तक ओपीडी के सभी चेम्बर्स खाली रहे। बड़ी संख्या में दूर दराज से आए मरीजों को बिना इलाज लिए ही वापस लौटना पड़ा। परेशान हाल परिजन अपने मरीज को या तो निजी अस्पतालों में या वापस घर ले जाने को मजबूर हो गए। हालांकि, दो घंटे विरोध प्रदर्शन के बाद डॉक्टर्स ने काम शुरू कर दिया था लेकिन इनकी संख्या भी बहुत कम थी, जिसके चलते पूरे दिन ही व्यवस्था डांवाडोल रही।

# स्वदेशी स्टेम काम में लेकर किया प्रदेश का पहला रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण

**बेधड़क | जयपुर**

भारत में बनी विश्व की प्रथम मोनोब्लॉक मॉड्यूलर रिवीजन स्टेम को काम में लेते हुए राजस्थान का पहला जोड़ प्रत्यारोपण किया गया। सर्जन डॉ. विजय शर्मा ने कूल्हे का यह जटिल रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण कर मरीज को वापस चलने-फिरने लायक बनाया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि 75 वर्षीय महिला के केस की जटिलता को देखते हुए विशेष प्रकार के स्वदेशी रिवीजन स्टेम को काम में लेकर सफलता पूर्वक रिवीजन जोड़ प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि मोनोब्लॉक मॉड्यूलर स्टेम के फायदे बताते हुए बताया कि पहले से काम में आ चुकी मेडुलरी कैनाल, प्रॉक्सीमल डिस्टल कैनाल मिसमैच, बोन डिफेक्ट्स, प्रॉक्सिमल बोन और इंप्लांट का संपर्क जैसे चैलेंज होते हैं जो इस रिवीजन स्टेम से ठीक किए जा सकते हैं। यह विशेष स्टेम डिजाइन एक्सियल और रोटेशनल दोनो तरह की स्टेबिलिटी प्रदान करती है, साथ ही रिवीजन केसेस में बोन डिफेक्ट को भरने के लिए ऑग्मेंट काम में लेने का भी ऑप्शन रहता है। भारत में बनी यह स्टेम अब पूरे विश्व के मार्केट में काम में लेने के लिया उपलब्ध कराई जा रही है। इस जटिल सर्जरी में डॉ. विजय शर्मा के साथ डॉ. मनीष गुप्ता और शशिकांत का भी सहयोग रहा।





डॉ. विजय शर्मा

#### संपर्क सभा में मेट्रो कर्मियों ने बताई समस्याएं

# मेट्रो स्टेशनों पर शुद्ध पेयजल तक नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर मेट्रो के स्टेशनों पर कर्मचारियों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामस्वरूप ने शनिवार को मेट्रो डिपो मानसरोवर में मेट्रो रेल पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की सम्पर्क सभा ली, जिसमें इस तरह की समस्याएं सामने आईं। सभा में 205 अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्मिकों ने उनके सामने अपनी समस्याएं भी सामने रखी। इससे पहले अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने मेट्रो रेल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।



उन्होंने संपर्क सभा में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों की फिस्किंग, बैगेज चैकिंग एवं यात्रियों के मोबाईल फोन की प्रॉपर तरीके से स्क्रीनिंग की जाए। कार्मिक गैर-हाजिर नहीं रहे और आवश्यक होने पर अवकाश स्वीकृत कर दी जाएगी। महिला कार्मिकों ने चाईल्ड केयर अवकाश व उपार्जित अवकाश समय पर नहीं मिलने की समस्या बताई। इस पर उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान कर अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। कार्मिकों ने मेट्रो स्टेशनों पर पीने के लिये शुद्ध पानी नहीं होने की समस्या बताई। जिस पर उन्होंने टीम गठित कर पानी का पीएच लेवल चैक कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

#### जैकब रोड पर बनाई पेंटिंग्स

# गुलाबी दीवारों पर कलाकारों ने बिखेरी क्रिएटिविटी की सतरंगी आभा

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगर की गुलाबी दीवारों को कला के अलबेले रंगों से जोड़कर शहर की पहचान को निखारने की कवायद शनिवार को जैकब रोड पर शुरू हुई। नगर निगम जयपुर हेरिटेज की ओर से शहरवासियों में पुरासम्पदा के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दीवार पर कलात्मक लेखन और म्यूरल्स बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शहर के कई पेशेवर कलाकारों, स्कूली छात्र छात्राओं और नगर निगम कर्मचारियों ने सुबह से शाम तक यहां दीवार पर कूंची चलाकर पेंटिंग्स बनाईं। आरवानी आर्ट प्रोजेक्ट की ओर से शहर के एलजीबीक्यूटी कम्युनिटी से जुड़े ट्रांसजेंडर किन्नरों की भूमिका ने सभी को प्रभावित किया। ट्रांसजेंडर आर्टिस्ट कर्णिका बाई ने बताया कि आरवानी आर्ट प्रोजेक्ट संस्था ट्रांसजेंडर समाज को समाज को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए काम करती है।

ट्रांसजेंडर्स ने भी दीवारों पर अपने फन के रंग बिखेरे। म्यूरल्स व बच्चों की पेंटिंग देखने सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, महापौर मुनेश गुर्जर व निगम आयुक्त अभिषेक सुरणा भी पहुंचे। विधायक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जयपुर को सुन्दर बनाने की यह पहल बहुत अच्छा कदम है। अतिक्रमण की समस्या की तरफ निगम अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण शहरवासियों ने बहुत कड़वे घूंट पीए हैं। उन्होंने शहर के अतिक्रमण मुक्त होने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर पार्षद राजेश कुमावत, पार्षद प्रत्याशी मनीष पारीक, अतिरिक्त आयुक्त करतार सिंह, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया, अधिशाषी अभियंता आशीष गर्ग, व जयपुर प्रोजेक्ट के हैड दिव्यांश करनानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निदेशक जन सम्पर्क मोतीलाल वर्मा ने किया।









फोटो: राजेश कुमावत

### शहर के हर हिस्से में दिखेगी रचनात्मकता

महापौर मुनेश गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि निगम की इस मुहिम में शहरवासी भागीदार बनें व शहर को इतना रंगमय कर दें कि गुलाबी नगरी में आने वाला पर्यटक स्वतः ही यहां की कलात्मक खूबियों से परिचित हो जाए। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह प्रोजेक्ट शुरू करने के पीछे मंशा यही है कि निगम स्ट्रीट आर्ट को स्ट्रीट मे ले जाए, लोगों व समुदाय के बीच ले जाए ताकि शहर सुन्दर व स्वच्छ बन सके। सुराणा ने कहा कि आगामी 3-4 माह में शहर के किसी न किसी हिस्से में रोजाना कोई न कोई इस प्रकार का रचनात्मक प्रयास जारी रहेगा।

## जरूरी खबर

### जलदाय विभाग ने काटे अवैध जल कनेक्शन



**सीकर।** गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले ही इस बार जलदाय विभाग ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। शनिवार को विभाग ने फतेहपुर रोड पर पानी के अवैध कनेक्शन काटे। जलदाय विभाग के एईएन हरिराम और आंचल चौधरी ने बताया कि हर बार गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही पानी की मांग बढ़ने लग जाती है। इसके चलते कई लोग धरना-प्रदर्शन भी करते हैं। आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए अभियान शुरू किया गया है। यदि किसी ने पानी का अवैध कनेक्शन किया हुआ है तो वह जल्द से जल्द इसे नियमित करवाएं।

### नीट की तैयारी कर रहा एक और छात्र कोटा से लापता

**कोटा।** कोचिंग सिटी में एक और छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। स्टूडेंट आर्यन मित्रा (17) सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। यह कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है। 21 फरवरी की शाम को वो हॉस्टल से निकला था। फिर वापस नहीं लौटा। 22 फरवरी को उसका 12वीं का एग्जाम था। हॉस्टल मैनेजर ने कुन्हाड़ी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। स्टूडेंट की लोकेशन आगरा के आसपास मिली है। जानकारी के अनुसार आर्यन लेंडमार्क सिटी स्थित रेजीडेंसी (हॉस्टल ) में रह रहा है। 21 फरवरी की शाम साढ़े 5 बजे से आर्यन हॉस्टल में नहीं आया। 22 फरवरी को उसका 12वीं का एग्जाम था।

### GRP ने जब्त की 14 किलो चांदी, युवक गिरफ्तार



**अजमेर।** जिले की राजकीय रेलवे पुलिस ने 14 किलो चांदी सहित एक युवक को पकड़ा है। युवक बीकानेर के कालू-लूणकरणसर का रहने वाला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जीआरपी थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कालू, लूणकरणसर बीकानेर निवासी राकेश सारस्वत (26) को संदिग्ध मानकर पकड़ा। पूछताछ कर बैग की जांच की गई तो करीब 14 किलो चांदी मिली। आरोपी ने इसके बिल व दस्तावेज पेश नहीं किए। ऐसे में चांदी जब्त कर आरोपी को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।

**पंचायत भवन का लोकार्पण करने के बाद जनसुनवाई में** यूडीएच मंत्री ने नगर पालिका ईओ को लगाई फटकार

# ईमानदारी से काम करें, गलत आचरण पर बक्शे नहीं जाओगे

**बेधड़क** | झुंझुनूं




उदयपुरवाटी के निकटवर्ती ग्राम पंचायत दीपपुरा के पंचायत भवन का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर ने उद्घाटन किया। यह भवन 45 लाख रुपए में बनकर तैयार हुआ है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर रखते हुए काम कर रही है। शेखावाटी को यमुना के पानी की सौगात मिली है, जिससे क्षेत्र के लोगों पेजयल और सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा। किसान और महिलाओं को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंत्री ने क्षेत्रवासियों को कहा कि आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए दो महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करें। कार्यक्रम के बाद मंत्री झाबर सिंह ने जनसुनवाई भी की। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका गुढ़ा गोड़जी ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि ईमानदारी से काम करना सीख जाओ। अगर, गलत काम करते हुए पाए गए तो बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से होना चाहिए। किसी भी काम के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़े। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने गरीबों का जीवन स्तर उच्च बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। इनसे आमजन को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही अंतिम पंक्ति में बैठे हर व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान में भी भाजपा सरकार बनने से राजस्थान में भी विकास के अनेक काम कराए जा रहे हैं।

### क्षेत्र की समस्याओं का होगा समाधान

खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान समय पर होगा और राम राज्य स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि आमजन की परेशानी को अिधकारी गंभीरता लें। विधायक ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए अिधकारी-कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य करें। इसके अलावा उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने भी सभा को संबोधित किया। स्वागत भाषण में पूर्व सरपंच मूलचंद सैनी ने राज्य मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

लोकार्पण समारोह में उदयपुरवाटी प्रधान माया गुर्जर, उदयपुरवाटी नगर पालिका चयरमैन रामनिवास सैनी, नगर पालिका पौंख चेयरमैन कोमल शेरावत, उदयपुरवाटी बीडीओ, ककराना सरपंच प्रतिनिधि प्रभाती लाल सैनी, सीथल सरपंच संजू चौधरी, पूर्व प्रधान मदनलाल भावरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, पूर्व कृषि अधिकारी दुलीचंद सैनी, रामजीलाल, नौरग लाल चौधरी, प्रधान पति रामनिवास खटाना, उमराव गुर्जर पूर्व सरपंच ककराना, चंवरा संरपच धर्मपाल सैनी, बागोली सरपंच जतन किशोर सैनी, नेवरी सरपंच प्रतिनिधि नरपत सिंह शेखावत, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा अजय भालोठिया, पवन शाह उदयपुरवाटी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दीपपुरा के प्रधानाचार्य झंडू राम सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र के शिल्पग्राम में** ‘ऋतु बसंत’ उत्सव

# संतूर व वायलिन की संगत और सौरभ के सुरों से शाम बनी सुरमई

**बेधड़क** | उदयपुर

- संतूर-वायलिन के साथ तबले की खूबसूरत संगत ने जुगलबंदी को बनाया तिगुलबंदी
- संतूर पर मजूमदार, वायलिन पर असगर हुसैन का तबले पर साथ दिया अख्तर हसन ने
- ग्वालियर, बनारस और किराना घराने से जुड़े सौरभ ने राग पूरिया कल्याण से बांधा समां

किसी संगीत समीक्षक ने कहा है कि साज तो दुनिया में बहुत हैं, लेकिन संतूर और वायलिन की मौसिकी में जो मदहोशी है, वो शायद ही किसी अन्य साज में मिले। फिर, अगर इन दोनों वाद्ययंत्रों की संगत तो इसे द्विगुणित कर देती है।

इसी की बानगी शनिवार को यहां शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर देखने को मिली, जब दुनियाभर में मशहूर संतूर वादक राजकुमार मजूमदार और वर्तमान में देश के सर्वश्रेष्ठ वायलिन वादक आंके गए उस्ताद असगर हुसैन ने जुगलबंदी का जादू चलाया। अपनी अद्वितीय प्रदर्शन शैली और ध्वनि क्षमता के साथ ही दोनों हाथों से संतूर बजाने की आत्मिक शैली में महारत से खास पहचान बनाने वाले देश के बहुमुखी संतूर वादक पं. राजकुमार मजूमदार और गायकी और तंत्रकारी आंग यानी वाद्य और गायकी स्टाइल का अद्भुत मिश्रण प्रतिपादित करने वाले वायलिन के साधक उस्ताद असगर हुसैन ने शनिवार की शाम को उदयपुर ही नहीं समूचे मेवाड़ अंचल के शास्त्रीय संगीत प्रेमियों का दिल जीतने के साथ ही उन्हें एक घंटे तक दोनों साजों की अनूठी और बेमिसाल संगत से बांधे रखा।

इतना ही नहीं, बीच-बीच में द्रुत ताल और हृदय में उतरती तान के पूरी होते ही जैसे ही लीन सुधी श्रोताओं की तंद्रा टूटती तो समूचा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता। इन दोनों अजीम फनकारों ने राग चारुकेशी में आलाप के बाद विलंबित मत्त ताल (नौ मात्रा वाली) में बंदिश पेश कर खचाखच भरे मुक्ताकाशी मंच में संगीत प्रेमियों को बांध-सा दिया और वे धुन में तल्लीन से हो गए। इसमें जब तिहाई के दौर चले तो करतल ध्वनि से शिल्पग्राम गूंज उठा। फिर जब उन्होंने राग चारुकेशी में ही मध्य लय तीन ताल और द्रुत लय तीन ताल में अगली बंदिश पेश की तो शास्त्रीय संगीत के कद्रदान बार-बार वाह-वाह करने लगे। इन दोनों उम्दा मूसीकारों (संगीतज्ञों) ने हर दिल अजीज राग पहाड़ी दादरा में रंगी सारी गुलाबी चुनरिया... की प्रस्तुति दी तो श्रोता सुध-बुध भुलाकर झूमने लगे। यानी मौसिकी ने उन्हें अपने रंग में पूरी तरह से रंग डाला। बता दें, इसी दिल में उतरने वाल राग पहाड़ी दादरा से निकले बॉलीवुड के गाने लग जा गले... और ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं... आज भी हर उम्र के संगीत प्रेमी की जुबां पर चढ़े हुए हैं। इस पेशकश में तान, खटका, गामक, मींड, सुव्यवस्थितता, सौंदर्य और रागों की पवित्रता के साथ ही लयकारी की विविधता ने तमाम श्रोताओं के लिए शाम को यादगार बना दिया।






### ये ऐसे हो गई तिगुलबंदी

इन दोनों संगीतज्ञों की संगत अधूरी ही रहती, अगर वायलिन और संतूर के साथ तबले की ताल न होती। तो, तबले पर इनकी संगत की संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी प्रसिद्ध तबला वादक फर्रुखाबाद घराने के उस्ताद अख्तर हसन ने। दोनों मशहूर मूसीकारों की संगत को ऊंचाइयां तो बख्शी ही, साथ ही अपनी जो अलग छाप छोड़ी और जो वाहवाही पाई, उसने इस जुगलबंदी को तिगुलबंदी बना दिया। यानी संतूर-वायलिन- तबले की संगत।




### पूरिया कल्याण में जाय कहो उनसो... से मन मोहा सौरभ ने

तिगुलबंदी से पूर्व पंडित कुन्दनमल शर्मा के शिष्य और बनारस, ग्वालियर और किराना घरानों से संबंध रखने वाले जयपुर के युवा शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ ने इस सुरमई शाम की छटा को और भी संगीतमय बना दी जब उन्होंने राग पूरिया कल्याण में ‘जाय कहो उनसो...’ रचना विलंबित एकताल में प्रस्तुत की। उनकी दिलकश आवाज से शायद ही कोई संगीत प्रेमी होगा, जो सम्मोहित न हुआ हो। उन्होंने तीन ताल में द्रुत रचना ‘बहुत दिन बीते अजहूं ना आए श्याम...’ की प्रस्तुति से महान शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी के युवावस्था के दिनों की याद ताजा कर दी। इसके बाद सौरभ वशिष्ठ ने राग मेघ मल्हार में ‘गरज-गरज आज मेघ...’ की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। मंच संचालन डॉ. श्रुति टंडन ने बहुत ही शिद्दत से किया।

### आज के आकर्षण

#### प्रसिद्ध केडिया बंधु की जुगलबंदी

पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि ‘ऋतु बसंत उत्सव’ में रविवार को सितार और सरोद की कर्णप्रिय जुगलबंदी बेमिसाल रहेगी। सितार-सरोद वादन के पुरोधा केडिया बंधु आकाशवाणी के झारखंड से एकमात्र टॉप ग्रेड कलाकार हैं। इन्होंने तबला सम्राट पं. किसन महाराज, पं. गुदई महाराज, उस्ताद जाकिर हुसैन जैसे कलाकारों के साथ काफी सफलता से मंच साझा किए हैं।

#### नृत्य स्तुति

देश के जाने-माने कोरियोग्राफर संतोष नायर के निर्देशन में नृत्य स्तुति के रूप में शास्त्रीय नृत्यों का खूबसूरत गुलदस्ता पेश किया जाएगा। इसमें गणेश वंदना, हमारी विरासत (भरतनाट्यम, कथक, ओड़िसी और छाउ का मिश्रण), शिव-सूर्य उपासना, कथकली और मोहिनीयट्टम का फ्यूजन के साथ ही मयूरभंज छाउ नृत्य पेश किया जाएगा।

**सभी सुविधाएं सुचारू करने की मांग**

# कोर्ट को नए भवन में शिफ्ट करने का विरोध, टंकी पर चढ़े वकील



**बेधड़क** | दौसा

वर्तमान न्यायालय भवन को कोलाना में बने नए न्यायालय परिसर में शिफ्ट किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार देर शाम शहर के वकीलों ने न्यायालय भवन को नए परिसर में शिफ्ट किए जाने का पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे वकीलों का कहना था कि नए न्यायालय भवन में वकीलों के बैठने के लिए चैंबर नहीं हैं। साथ ही आमजन के लिए भी कोई सुविधा नहीं है। बांदीकुई शहर से करीब 7 किमी दूर कोलाना में बने नए भवन में न्यायालय परिसर शिफ्ट किए जाने को लेकर वकीलों का कहना है कि जब तक नया परिसर सभी सुविधाओं से युक्त नहीं हो जाता तब तक उसे शिफ्ट नहीं किया जाना चाहिए। बांदीकुई बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन गुर्जर ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि बांदीकुई सब डिविजनल में स्थापित न्यायालय को बसवा में स्थानांतरित किया जा रहा है। इसे लेकर हमारी उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन पेंडिंग हैं, लेकिन पिछली तीन तारीखों से लगातार डेट चेंज की जा रही है। साथ ही रिट के पेंडिंग होने के बावजूद स्थानीय बांदीकुई न्यायाधीश द्वारा तीन बार न्यायालय को शिफ्ट करने के आदेश निकाले गए। उन्होंने कहा कि रिट के पेंडिंग होने के कारण आदेश जारी हुए थे कि 2 मार्च को न्यायालय को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा, लेकिन शुक्रवार को कोर्ट पहुंचने पर पता चला कि 26 फरवरी को ही न्यायालय नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि हम लोगों के साथ होने वाले अन्याय की पैरवी करते हैं लेकिन हमारी स्वयं की सुनवाई नहीं की जा रही।

**शव देख कांपा कलेजा,** भाई भी झुलसा


# कच्चे घर में लगी आग से 5 साल का मासूम जिंदा जला

**उदयपुर।** जिले में एक कच्चे घर में लगी आग से दो साल का बच्चा जिंदा जल गया। उसका पांच साल का भाई भी बुरी तरह झुलस गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एक मासूम के साथ घर में रखा सामान भी पूरी जलकर राख हो गया। आग की लपटों के बीच बच्चे का जला हुआ शव देखकर हर किसी का कलेजा कांप गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झुलसे हुए बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, वहीं मृतक बच्चे का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार घटना जिले के बेकरिया थाना इलाके के उपलवास गांव की है। यहां उदाराम गमेमी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कच्चे घर में रहता है। शक्रवार शाम को उदाराम अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम करने के लिए चला गया। इस दौरान उसके दोनों बच्चे प्रवीण (2) और सिंगा गमेती (5) घर में सो रहे थे। तभी वहां आग लग गई। पांच साल का सिंगा जैसे-तैसे बाहर आ गया।

**मरु महोत्सव में दिखा देसी-विदेशी पावणों का उत्साह**

# घुड़दौड़ प्रतियोगिता का छाया रोमांच, कला संस्कृति से साकार हुए रंग

**बेधड़क** | जैसलमेर



चार दिवसीय मरु महोत्सव 2024 के चौथे दिन घुड़दौड़ प्रतियोगिता का रोमांच छाया नजर आया। जैसलमेर जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित लाणेला गांव के रण क्षेत्र में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

आयोजक संजय सिंह भाटी ने बताया कि गेलफ घुड़ दौड में अमराराम लोहार प्रथम, दीन गिरी द्वितीय और अंकित का घोड़ा तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, मादरी घुड़दौड़ में गोलू पहले, सादल खान दूसरे और भवानी सिंह का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। इसी कड़ी में छोटी रेवाल घुड़दौड़ में खुमान सिंह शिव पहले, सुजान सिंह दूसरे और असरफ खान गांगड़ का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। सबसे तेज चाल वाली बड़ी रेवाल घुड़दौड़ में गोस खान पहले, रूप सिंह खारा दूसरे और वसीम का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, उदंत रेस में वली मौहम्मद पहले, शेरू फकीर दूसरे और स्वरूप सिंह का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। साथ ही श्रृंगार टैटू शो में रूप सिंह खारा पहले, रमेशनाथ दूसरे और प्रदीप व्यास स्वरूप तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें अतिथियों की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और देसी-विदेशी सैलानी मौजूद रहे।

### पहाड़ों के बीच उगते सूर्य को देखा

सैलानियों ने पहाड़ों के बीच उगते हुए सूर्य के दृश्य को निहारा और प्राचीन कला संस्कृति को भी बारीकी से देखा। पर्यटकों ने वहां स्थापित जियोलॉजिकल संग्रहालय का भी अवलोकन किया। कुलधरा गांव में जैसलमेर विकास समिति के सचिव चन्द्रप्रकाश व्यास के निर्देशन में प्राचीन घरों पर रंगोली की गई। साथ ही मरु महोत्सव 2024 का लोगो प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही वहां पर मकानों पर बेहतरीन एवं आकर्षक मांडणा बनाए गए। इस अवसर पर लोक कलाकार तगाराम भील, अनवर खान आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान लोक वाद्य यंत्रों अलगोजा, मोरचंग, खड़ताल, रावण हत्था, कमायचा, मटका आदि का वादन भी किया गया।

### कलाकारों ने लोक कलाओं से पावणों को लुभाया



इससे पहले प्रातःकालीन सत्र में प्राचीन ऐतिहासिक कुलधरा गांव और खाभा में आयोजित कार्यक्रमों का देसी-विदेशी सैलानियों ने आनंद लिया। साथ ही इस मौके पर आयोजित लोक संगीत कार्यक्रमों का भी लुत्फ उठाया। प्राचीन खाभा फोर्ट पर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के तत्वावधान में मयूर के दृश्यावलोकन और संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यहां पर पहुंचे देसी-विदेशी पर्यटकों ने नाचते हुए मयूरों को देखा और उनकी अटखेलियों को अपने कैमरे में कैद किया। वहीं, यहां लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों को भी तन्मयता के साथ सुना।

ICAI तारीखें टकराने के चलते कर रहा विचार, पर्यवेक्षक के लिए आवेदन जारी

# चुनावों के चलते स्थगित हो सकती हैं सीए मई-जून की परीक्षाएं

बेधड़क | जयपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मई सत्र के लिए सीए फाउंडेशन, फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को स्थगित कर सकता है। यह फैसला परीक्षा की तारीखों के आम चुनाव-2024 की तारीखों से टकराने के चलते लिया जा सकता है।

सीए परीक्षा मई-2024 के लिए बिना विलंब शुल्क के पंजीकरण प्रक्रिया शुक्रवार को बंद कर दी गई थी। गौरतलब है कि देश की 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव इसी साल होंगे, जिसकी अधिसूचना का इंतजार है। आगामी चुनावों के मद्देनजर, ICAI अधिकारियों ने कहा है कि यदि आम चुनाव की तारीखें वर्तमान परीक्षा कार्यक्रम के साथ मेल खाती हैं, तो परीक्षा समिति मई-2024 सीए परीक्षा को पुनर्निर्धारित कर सकती है। फिलहाल इंटरमीडिएट, फाइनल और पीक्यूसी एग्जाम 2 से 13 मई तक व फाउंडेशन एग्जाम 20, 22, 24 व 26 जून को प्रस्तावित हैं।




### ऑब्जर्वर्स को एक साल का कूलिंग पीरियड

समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि ऑब्जर्वर ड्यूटी के लिए लगातार तीन प्रयासों के बाद एक प्रयास का कूलिंग पीरियड होना चाहिए। साथ ही ICAI ने पर्यवेक्षकों के रूप में कार्य करने के लिए पैनल में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड भी अधिसूचित किया है। आवेदकों की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, कोचिंग छात्र नहीं होना चाहिए या उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए। साथ ही ऑब्जर्वर को स्थानीय यात्रा की लागत को कवर करने के लिए प्रति दिन या प्रति सत्र 3 हजार रुपए का मानदेय और 'ए' श्रेणी के शहरों के लिए परिवहन प्रतिपूर्ति के रूप में 350 रुपए और अन्य शहरों के लिए प्रति दिन 250 रुपए का भुगतान किया जाएगा। अहमदाबाद, बंगलूरु, चेन्नई, नई दिल्ली, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर और पुणे को ए श्रेणी का शहर माना जाता है। ऑब्जर्वर बनने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवेदन जारी हैं जो 5 मार्च तक observers.icaiexam.icai.org पर किए जा सकते हैं।

### 3 से 9 मार्च तक एप्लीकेशन करेक्शन

ICAI के अनुसार, जो अभ्यर्थी सीए परीक्षा 2024 के लिए समय सीमा से पहले आवेदन जमा करने में विफल रहे वे 600 रुपए या 10 अमेरिकी डॉलर के विलंब शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण करा सकेंगे। सभी पंजीकृत उम्मीदवार को 3 से 9 मार्च तक जमा किए गए फॉर्म में बदलाव कर सकेंगे। सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा पंजीकरण फॉर्म eservices.icai.org पर भरा जा सकता है।

## Yuva स्टोरीज

### व्याख्यान शृंखला में किया ज्ञान का आदान-प्रदान



बेधड़क | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की ओर से आईईटीई- वुमन एंपॉवरमेंट इन इंजीनियरिंग कमेटी तथा आईईटीई- जयपुर सेंटर के संयुक्त संयोजन में आयोजित 'टेक्नोलॉजिकल एडवांसेस इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग' विषय पर एक सप्ताह की व्याख्यान श्रृंखला का समापन आईईटीई भवन मालवीय नगर में शनिवार को हुआ। समापन समारोह में आईईटीई जयपुर सेंटर के अध्यक्ष प्रो. घनश्याम सिंह, उपाध्यक्ष धर्मपाल तथा अन्य कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे। इस व्याख्यान श्रृंखला का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए राहुल पांडे ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन क्षेत्र में तकनीकी विकास के अपार अवसर व संभावनाएं मौजूद हैं। व्याख्यान श्रृंखला में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शीर्ष व्याख्याता सम्मिलित हुए। पांच दिवसीय इस व्याख्यान श्रृंखला में इस क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान आयोजित हुए। आईआईटी जोधपुर के उपनिदेशक प्रो. संपत राज वडेरा की भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के सभी अवयवों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक नेटवर्किंग के योगदान पर चर्चा अहम रही।

### जैन व गर्ग एक-एक वर्ष के लिए रहेंगे अध्यक्ष



बेधड़क | सवाई माधोपुर

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन, सवाईमाधोपुर के अध्यक्ष पद पर प्रवीण चंद जैन व राजेश गर्ग निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी महापुरुष शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव में जैन व गर्ग को 40-40 वोट मिले। इस पर प्रवीण चंद जैन को पहले व राजेश गर्ग को दूसरे वर्ष के लिए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। जैन 20 फरवरी 2025 तक व गर्ग इसके बाद से 20 फरवरी 2026 तक अध्यक्ष पद पर रहेंगे।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता ही नहीं, ज्ञान प्राप्त करने का साधन

बेधड़क | जयपुर

तीन दिवसीय वीजीयू रांका नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता शनिवार को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शुरू हुई, जिसमें प्रख्यात न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों ने कानूनी पेशे के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मद्रास उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश नागेंद्र कुमार जैन ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं ज्ञान का समृद्ध स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, यह ज्ञान प्राप्त करने का एक साधन है। जैन ने छात्रों को साइबर कानून, न्यायिक सेवाओं, कंपनी कानून और अन्य संबंधित क्षेत्रों के बारे में बताया। सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी ने कहा कि एक सफल वकील के लिए धैर्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में साहस महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। राजस्थान उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कानून के छात्रों को सुझाव दिया कि यदि वे न्यायिक सेवा परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना चाहते हैं तो उन्हें अदालतों द्वारा सुनाए गए निर्णयों का अध्ययन करना चाहिए तथा स्वयं को नवीनतम ज्ञान से अपडेट रखना चाहिए। वीजीयू अध्यक्ष डॉ. ललित के पंवार ने कानूनी पेशे के दायरे पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष डॉ. के आर बगड़िया ने कानून के क्षेत्र में अवसरों और संभावनाओं के बारे में बात की। सेवानिवृत्त न्यायाधीश जेके रांका ने भी सभा को संबोधित किया और मूट कोर्ट प्रतियोगिता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

खेतान पॉलीटेक्निक में स्पोर्ट्स वीक का समापन

# खेल में झोंका हौसला तो हाथ में आए जीत के मैडल

बेधड़क | जयपुर

राजकीय खेतान पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में चल रहे खेलकूद सप्ताह का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। प्रो कबड्डी बंगाल वॉरियर्स के कोच राजनारायण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। खेतान एल्यूमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष गुप्ता ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के तहत आयोजित किए गए सभी खेलों के विजेता एवं उपविजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि छात्राओं के कबड्डी फाइनल मुकाबले में कम्प्यूटर की टीम ने विजेता एवं आर्किटेक्चर की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता।

खो-खो छात्र एवं छात्राओं के दोनों फाइनल मुकाबले आर्किटेक्चर एवं कम्प्यूटर के बीच खेले गए। इन दोनो मुकाबलों में आर्किटेक्चर की टीम ने विनर का खिताब अपने कब्जे में किया और कम्प्यूटर की टीम को दोनों मैचों में रनर अप से सन्तोष करना पड़ा। छात्रों का कबड्डी फाइनल मुकाबला इलैक्ट्रॉनिक्स एवं प्रोडक्शन की टीमों के बीच खेला गया जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स की टीम ने प्रोडक्शन की टीम को जोरदार पटखनी देकर विजेता का खिताब हासिल किया। प्रोडक्शन की टीम को उप विजेता की ट्रॉफी दी गई।

क्रिकेट का मैच सिविल एवं मैकेनिकल की टीम के बीच खेला गया जिसमें मैकेनिकल की टीम विनर का खिताब हासिल कर क्रिकेट की चैंपियन बनी एवं सिविल को रनर अप घोषित किया गया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक शाकिर आजाद ने बताया कि वॉलीबाल में मैकेनिकल की टीम विजेता एवं आरएसी की टीम उप विजेता रही। वहीं, छात्रों की बैडमिन्टन एकल प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष इलैक्ट्रॉनिक्स के छात्र मनीष महावर को विनर एवं तृतीय वर्ष सिविल के छात्र सुनील ताखर को रनर अप घोषित किया गया।





छात्रों की शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष यांत्रिकी के छात्र विकास शर्मा विजेता बने व प्रथम वर्ष आरएसी के छात्र यश डाबी को रनर अप घोषित किया गया।

छात्राओं के शतरंज मैच में द्वितीय वर्ष कम्प्यूटर की छात्रा दिव्या गुरनानी ने खुशी स्वामी को हराकर विनर के खिताब पर बाजी मारी, खुशी स्वामी को रनर अप का खिताब मिला।

### जीवन में खेल को अपनाएं

कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर शुक्ला ने बताया कि खेलकूद सप्ताह के तहत पूर्व में खेली गई एकल प्रतियोगिताओं में टेबिल टेनिस, कैरम, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के विनर एवं रनर अप को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज नारायण ने विद्यार्थियों से सर्वांगीण विकास के लिएप्रतिदिन किसी ना किसी हॉबी के रूप में एक खेल को अपनाने के लिए कहा। समारोह के अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व की जानकारी दी। अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य सुभाष गुप्ता ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'सरोकार' में सीखे बिजनेस के गुर



बेधड़क | जयपुर

मैत्रेय संस्थान और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की ओर से यूनिवर्सिटी कैंपस में स्टार्टअप पर लाइव टॉक शो 'सरोकार' का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता आई स्टार्ट डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन मेंटोर अपूर्वा जैन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के डिप्टी कमिश्नर त्रिलोक चंद्र, लघु उद्योग भारती की अध्यक्ष प्रतिमा नैथानी, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट मनोज गुप्ता और मैत्रेय संस्थान की अध्यक्ष आचार्या हिमानी शास्त्री ने टॉक शो को सम्बोधित किया। यूनिवर्सिटी के छात्र यह जानने में उत्सुक नजर आएगी कि व्यापार प्रारंभ कैसे किया जाए और कागजी कार्यवाही में क्या जरूरी है। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों से आर्थिक लाभ कैसे प्राप्त किया जाए। अपूर्वा जैन ने बताया कि कई सरकारी स्कीम ऐसी हैं जिनमें नए उद्योग लगाने के लिए सरकार और एंजल इनवेस्टर ग्रांट देते हैं।

संयोजक एंजलिना जौली ने छात्रों और नए उद्यमियों की तरफ से आने वाली चुनातियों पर कई प्रश्न किए। त्रिलोक चन्द्र ने उद्यम रजिस्ट्रेशन पर प्रकाश डाला। यूनिवर्सिटी की ओर से मनोज गुप्ता ने जानकारी दी कि वो अनवरत ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करते रहेंगे जिससे आगामी पीढ़ी को नया व्यवसाय प्रारंभ करने में कम से कम उलझनों का सामना करना पड़े।

## संस्कृत भाषा नहीं अमृत भाषा है: प्रो. दुबे



बेधड़क | जयपुर

जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा कार्यान्वयन प्रकोष्ठ की ओर से 'मातृभाषा में जीवन व्यवहार और शिक्षा' विषय पर संगोष्ठी, स्वभाषा में हस्ताक्षर अभियान, निबंध लेखन इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत शनिवार को स्वभाषा में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन हुआ। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम सेवक दुबे ने कहा कि संस्कृत भाषा नहीं है अपितु अमृत भाषा है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. राजधर मिश्र, डॉ. कैलाश चन्द शर्मा, डॉ. स्नेहलता शर्मा, वित्त नियंत्रक दुर्गेश राजोरिया, डॉ. मधुबाला शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामेश्वर नाथ द्विवेदी ने किया।

मंथन | सुबोध महिला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

# कॉन्फ्रेंस में खंगाले शोध और अनुसंधान के अनछुए पहलू

बेधड़क | जयपुर

रामबाग चौराहा स्थित एसएस जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में आयोजित 'इमरजिंग ट्रेंड्स एंड परसपेक्टिव इन रिसर्च एंड इनोवेशन' विषय पर आयोजित दो दिवसीय इन्टरनेशनल मल्टी डिसिप्लिनरी कॉन्फ्रेंस में ऑफलाइन व ऑनलाइन जुड़े देश-विदेश के विशेषज्ञों ने शोध और अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। शनिवार को आयोजित कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में मुख्य अतिथि वाइस चांसलर एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर प्रो. बलराज सिंह रहे।

विशिष्ट अतिथि प्रो. जेपी शर्मा थे। राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रो.अनुराग शर्मा विशेष अतिथि थे। एकेडमी ऑफ लेजर साइंस अफ्रीका की मैनेजिंग डायरेक्टर मलिंगा नायडू कॉन्मेफ्रेंस में विशेष अतिथि के रूप में ऑनलाइन शामिल हुई। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन तीसरे एवं चौथे तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया।



तीसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. रश्मि जैन एवं प्रो. विनोद भारद्वाज ने की। प्रो. ज्योत्सना मेहता और डॉ. अयान हजरा मुख्य वक्ता रहे। इन्होंने सोशल साइंस एवं ह्यूमिनिटीज विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र में लगभग 28 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। परिचर्चा के समापन पर कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन एवं प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रेणू जोशी ने आगन्तुक सभी वक्ताओं को उनके उत्कृष्ट शोधपत्र प्रस्तुतीकरण के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस के दौरान सामने आए विशेषज्ञों के विचार समाज के लिए नींव का पत्थर साबित होंगे। कॉन्फ्रेंस के समापन पर कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. इंदु शर्मा एवं को-कन्वीनर डॉ. स्वाति जैन एवं डॉ. रुचिका शर्मा ने परिचर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एआई और आईटी की तकनीकों पर चर्चा

चतुर्थ सत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इन्फोमेशन टेक्नोलोजी से सबंधित रहा जिसमें डिर्पाटमेंट ऑफ इएएफएम राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रो. कृष्णा गुप्ता एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डिमिट आफ डेटा साइस एंड एनेलेटिक डॉ. निशिता केसवा ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर डिर्पाटमेंट ऑफ कम्प्यूटर इंजीनियरिंग एमएनआइटी डॉ. महीपाल जडेजा और सीईओ स्टार्टअप चौपाल सुमित श्रीवास्तव रहे। कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के प्रबुद्ध वक्ताओं ने चार सत्रों में आयोजित परिचर्चा में अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए एवं विभिन्न आयामों पर अपने-अपने दृष्टिकोण से सभी को लाभान्वित किया। इस दौरान उत्कृष्ट शोध पत्रों के लिये शोधार्थियों को पुरस्कृत किया गया।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में है। इसका निर्माण 700 करोड़ रुपए से किया गया है। इस मंदिर की खास बात यह है कि इसके लिए 27 एकड़ जमीन संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायद अल नाहयान ने दान में दी है। मंदिर को बनाने में लोहे या स्टील का नहीं, बल्कि पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। मंदिर का डिजाइन वैदिक वास्तुकला और मूर्तियों से प्रेरित है। दीवारों पर रामायण, शिव पुराण और भगवान जगन्नाथ की यात्रा को भी दर्शाया गया है। मंदिर के पास ही एक गंगा घाट भी बनाया गया है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था की गई है।*

### संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायद अल नाहयान ने 27 एकड़ जमीन दी थी दान में

# 700 करोड़ रुपए में बना है आबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर





खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में पहला हिन्दू मंदिर बनाया गया है। इसका नाम बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) हिन्दू मंदिर है। 27 एकड़ जमीन में फैला यह मंदिर पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर है। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद जायद अल नाहयान ने दान में दी थी। यह मंदिर दुबई-आबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास बना हुआ है, जिसे बनाने में करीब 700 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसमें जमीन मुस्लिम ने दान की, आर्किटेक्ट ईसाई, प्रोजेक्ट मैनेजर सिख, डिजाइनर बौद्ध, कंपनी पारसी की और डायरेक्टर जैन है, इस प्रकार यह सर्व धर्म समभाव का प्रतीक है। इसके निर्माण में हर धर्म का प्रतिनिधित्व है।

## दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था निर्माण

इस मंदिर को भारतीय कारीगरों द्वारा बनाया गया है। इस मंदिर के निर्माण की परिकल्पना साल 2015 में की गई थी। तब पीएम मोदी की यूएई यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात ने मंदिर बनाने के लिए जमीन आवंटित करने का फैसला किया था। फरवरी 2018 में, पीएम मोदी ने मंदिर का शिलान्यास किया और दिसंबर 2019 में इसका निर्माण शुरू हुआ। इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा किया गया है। बीपीएस मंदिर का उद्घाटन पीएम नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी 2024 को किया था।

## वास्तुशिल्प पद्धति और वैज्ञानिक तकनीक का संगम

यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा। इसकी ऊंचाई 32.92 मीटर , लंबाई 79.86 मीटर और चौड़ाई 54.86 मीटर है। मंदिर के बाहरी हिस्से में 96 घंटियां लगाई गई हैं। मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दर्शाते हैं। साथ ही इसकी दीवारों पर रामायण, शिव पुराण और भगवान जगन्नाथ की यात्रा को भी दर्शाया गया है। मंदिर के पास ही एक गंगा घाट भी बनाया गया है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था की गई है। आने-जाने के रास्ते पर हमेशा ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई है। इस मंदिर में गंगा-यमुना और सरस्वती नदी का संगम भी दर्शाया है। खास बात यह है कि इसके निर्माण में लोहे या स्टील नहीं, बल्कि पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। इन पत्थरों और मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों को खास तौर पर भारत से भेजा गया है।



## 7 शिखर और 402 खंभे हैं मंदिर में

मंदिर का डिजाइन वैदिक वास्तुकला और मूर्तियों से प्रेरित है। इसमें स्थापित की गयी मूर्तियों का निर्माण भारत के कारीगरों द्वारा किया गया है। मंदिर के आंतरिक भाग के निर्माण में 40,000 घन फुट संगमरमर का उपयोग किया गया है। मंदिर को तैयार करने में सफेद संगमरमर, गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। यहां पवित्र हिन्दू ग्रंथों की कहानियों को बताने वाली जटिल नक्काशी की गई है। साथ ही यूएई के 7 अमीरात का प्रतिनिधित्व करने वाले 7 शिखर और 402 खंभे बनाए गए हैं। मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर की भव्य संगमरमर की नक्काशी है। इसे राजस्थान और गुजरात के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया है। मंदिर के निर्माण के लिए भारी मात्रा में गुलाबी बलुआ पत्थर राजस्थान से अबू धाबी भेजा गया था। मंदिर के विशाल परिसर में एक बड़ा एम्फीथिएटर, एक गैलरी, एक पुस्तकालय, फूड कोर्ट और 5,000 लोगों की क्षमता वाला दो सामुदायिक हॉल भी हैं। यहां बच्चों के खेलने की सुविधाएं तैयार की जा रही है।

## कविता

### वक्त की नजाकत





डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार

वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे हैं
जिनसे मिलने में हमें, जमाने लगे
कल तक उनके दर पर खड़े थे
हम, कतार लगाकर
वक्त की नजाकत तो देखिए साहब!

अब वो हमारे घर के
दरवाजे खटखटाने लगे हैं।
कल तक जिनके लिए गैर थे हम
वो आज फिर से
हमें अपना बताने लगे हैं।
हकीकत से कोसों दूर रहे,
जो एक अरसे तक
वो आज फिर से
हमें ही जमीनी हकीकत बताने लगे हैं।
बनकर हितेशी कल तक जिन्हें
सपने कोई और दिखाता रहा
वो आज फिर वही
झूठे सपने हमें दिखाने लगे
वो आज फिर अपने दाम
बढ़ाकर घटाने लगे हैं।

## शब्दों की सीख

# पेड़ पर भूत और नजर बट्टू



अर्चना त्यागी
जोधपुर

'मम्मा देखो ना पेड़ पर भूत है'। नव्या भागती हुई घर के अंदर आई और आकर मां के पैरों से लिपट गई। सवि जानती थी कि वो फिर से बाहर जाकर उन मजदूरों के बच्चों को देखकर आई है। हर रोज यही होता था। नव्या स्कूल से वापिस आती और बाहर जाने की जिद करने लगती। सामने एक बहुत बड़ा घर बन रहा था। तीन चार मज़दूर अपने परिवार के साथ घर के सामने खाली पड़े प्लॉट में अस्थाई कोठरी बनाकर रह रहे थे। उनके बच्चे दिन भर गली में खेलते रहते। स्कूल जाते नहीं थे, बस यहां वहां भटकते रहते। यही कारण था कि नव्या बाहर जाकर खेलने की जिद कुछ ज्यादा करने लगी थी। उन बच्चों को जो भी करते हुए देखती वही घर पर आकर करने लगती। सवी ने नव्या को थोड़ी देर के लिए मोबाइल दे दिया। उसे लेकर नव्या इतनी खुश हुई कि भूत और पेड़ को भूल ही गई।

'बहू बच्चों को मोबाइल खेलने के लिए नहीं देते हैं। इसकी आंखों पर और दिमाग पर बुरा असर पड़ेगा और मोबाइल में खेलने की लत भी लग जाएगी।' नव्या की दादी टीवी देखते देखते बोली।

'खुद अपनी लत तो छुड़ाती नहीं हैं। दिन भर टीवी सीरियल में लगी रहती हैं। बच्ची को थोड़ी देर पास में बुला नहीं सकती हैं और उपदेश देना शुरू कर देती हैं।' सावी गुस्से में बड़बड़ाती हुई रसोई में जाकर अपने काम में लग गई। उसे पता नहीं चला कि सास ने उसकी बात सुन ली है। टीवी बंद होने की आवाज आई और नव्या की दादी नव्या को लेकर बाहर की ओर जाती दिखाई दी।

'कहां है भूत?' दादी ने नव्या से पूछा।

'वो उस पेड़ पर बैठा है। बच्चे उसे भगाने के लिए पेड़ के ऊपर चढ़ गए हैं।' नव्या ने इशारा करके बताया। चार छोटे बच्चे एक सूखे हुए पेड़ पर चढ़े हुए थे और भूत भूत चिल्ला रहे थे।

'कहां है भूत? हमें तो कहीं दिखता नहीं है। क्यों हल्ला मचा रखा है?' नव्या की उंगली पकड़े दादी पेड़ के पास आकर बोली।




'भगा दिया है। नींबू मिर्ची टांग रहे हैं, अभी। अब नहीं आएगा।' बच्चों ने जवाब दिया। उनमें से एक के हाथ में रस्सी में लटकती हुई मिर्ची और नींबू थे जो उन्होंने पेड़ की सबसे ऊंची टहनी पर टांग दिए थे।

नव्या की दादी ने देखा कि वही रस्सी थी जो उनके घर के ऊपर सामने की तरफ टंगी हुई थी। बुरी नजर से घर को बचाने के लिए।

'ये रस्सी तुम लोगों ने कहां से ली?' दादी ने पूछा तो बच्चे पेड़ से नीचे उतर आए।

'तुम्हारे घर पर लगी हुई थी। सुबह एक कोए ने मुंह से तोड़ी थी।' उनमें से एक बच्चे ने जवाब दिया।

'तो घर में वापिस दे देते। पेड़ पर ले जाकर क्यों टांग दिया? ऊपर से भूत भूत का हल्ला मचा रखा है।' दादी ने बच्चों को डांटते हुए कहा।

'तुमने घर के ऊपर टांगा तो सही था। हमने पेड़ पर टांगा तो गलत हो गया।' बच्चों ने मुंह बनाकर कहा।

'पेड़ पर टांगने से क्या हो जायेगा?' दादी ने प्रश्न किया।

'तुम्हारे तो छत पर टंगा था पर हमारे तो छत नहीं है। कोठरी के सामने पेड़ ही तो है। तुम्हारे घर से भूत भागा तो हमारे घर आएगा, इसलिए उसे भगाने के लिए पेड़ पर टंगा दिया।' जो सबसे सयाना था उनमें उसने स्पष्टीकरण दिया। दादी की हंसी छूट गई। दादी को देखकर नव्या भी हंसने लगी। उनको हंसते देखकर पहले तो बच्चे घबरा गए, लेकिन फिर हंसने लगे।

'बच्चों वो भूत भगाने के लिए नहीं था। नज़र बट्टू था।' दादी की बात सुनकर सबने एक दूसरे की तरफ देखा और कुछ इशारा किया। पेड़ की ओर चले तो दादी ने रोक दिया।

'रहने दो उसे वहीं पर। इतनी मेहनत से तुमने उसे टांगा है। तुम्हारी कोठरी को भी नजर नहीं लगेगी। मैं दूसरा लगवा दूंगी।' नव्या सब चुपचाप सुन रही थी। बोली।

'उसकी अब कोई जरूरत नहीं है दादी। नजर तो पहले इनकी कोठरी के पास आएगी। पेड़ पर नजर बट्टू देखकर भाग जायेगी।' दादी ने उसे गोद में उठा लिया।

'ठीक कहती हो, दादी अम्मा।' इतना सुनते ही चारों बच्चे ज़ोर से हंस पड़े। नव्या को बुरा लग रहा था, लेकिन फिर भी हंस रही थी। मोबाइल गेम से अच्छा खेल आज उसने देखा था। दादी नव्या को लेकर घर वापिस आ गई। उन्होंने मन में ठान लिया कि एक सीरियल देखना कम कर देंगी, लेकिन नव्या को इसी तरह रोज बाहर लेकर आएंगी, गली में। सवि भी दरवाजे पर खड़े होकर पूरा तमाशा देख रही थी। उसे भी समझ आ गया कि बुद्धि का वितरण उपर वाला मालिक या मजदूर देखकर नहीं करता है। मजदूर का बच्चा भी बुद्धिमान हो सकता है।

दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

# भाजपा का 370 सीट का ब्लू प्रिंट तैयार, तेज होगा गांव चलो अभियान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बीजेपी अपने मिशन 370 को पूरा करने के लिए चुनावी बिगुल फूंक चुकी है। बीजेपी इस बार अकेले 370 से भी ज्यादा सीटों पर जीतना चाहती है। पिछले लोकसभा चुनाव में NDA ने 353 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार बीजेपी NDA गठबंधन के साथ मिलकर 400 से भी ज्यादा सीटों का आंकड़ा पार करने के लिए कमर कस रही है।

शनिवार दिल्ली में जेपी नड्डा ने लोक सभा चुनाव को लेकर बीजेपी मुख्यालय में चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों के साथ अहम बैठक बुलाई थी, जिसमें चुनाव को लेकर आगे की रणनीतियों पर चर्चा हुई।

नड्डा ने प्रभारियों के साथ मिलकर चुनावी लक्ष्यों को पाने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है।

भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में नड्डा ने राज्य के चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों के साथ अहम बैठक में कई बड़े निर्देश दिए हैं। नड्डा ने बैठक में बताया कि सभी को गांव चलो अभियान को तेज



करना होगा और ज्यादा से ज्यादा जनता को सरकार की नीतियों के बारे में बताकर उन्हें जागरूक करना होगा।

### जनता के बीच नीतियों को ले जाने का निर्देश

बैठक में साफ निर्देश दिए गए हैं कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास करना है। राम मंदिर मुद्दे को युवाओं के बीच में रख कर उन्हें बताना है कि कैसे पुरानी सरकारों ने राम मंदिर को बनने से रोका है। चुनाव प्रभारियों और सह-प्रभारियों को आर्टिकल 370 से लेकर और भी तमाम नीतियों को युवाओं के बीच रखने का निर्देश दिया ।बैठक में नड्डा ने सभी प्रभारियों को GYAN अभियान को भी आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। जिसमें G-गरीब, Y-युवा, A-अन्नदाता, N- नारी के लिए बनाई गई सभी योजनाओं को जमीन तक ले जाने का निर्देश दिया।

### चुनावी रणनीति बनाने में जुटी बीजेपी

सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी चुनावी रणनीतियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। यूपी में तो समाजवादी पार्टी प्रत्याशियों की सूची भी निकालने लगी है। कांग्रेस भी लगातार राज्यों में सभी क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन करने का प्रयास कर रही है। इलेक्शन कमीशन का मूल्यांकन 13 मार्च तक खत्म होने की संभावना है, जिसके बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है।

### केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 29 को!

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों में पूरी तरह से जुट गई है। इसको लेकर 29 फरवरी को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक के बाद भाजपा के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी की जाएगी। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत करीब 80 से 100 उम्मीदवारों के नाम होंगे। इसमें कुछ अन्य बड़े चेहरे भी हो सकते हैं।सूत्रों के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी फिर वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

## कांग्रेस विधायक विजयधरानी भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में विधायक एस. विजयधरानी ने आज भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। वह शनिवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई। लगातार तीन बार से विधायक विजयधरानी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व तमिलनाडु के चुनाव प्रभारी अरविंद मेनन की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। विजयधरानी कन्याकुमारी लोकसभा क्षेत्र की विलावनकोड सीट से विधायक हैं। विजयधरानी ने भाजपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस से अपना त्याग पत्र एक्स पर पोस्ट किया।

## TDP और जनसेना ने की उम्मीदवारों की घोषणा



**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने शनिवार को आंध्र प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 118 उम्मीदवारों की अपनी पहली संयुक्त सूची की घोषणा की। हालाँकि, दोनों नेताओं ने कहा कि अगर भगवा पार्टी गठबंधन में शामिल होने का फैसला करती है तो भाजपा को समायोजित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीटों का आवंटन किया गया है। पहली सूची के अनुसार, टीडीपी उम्मीदवार 94 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे, जबकि जनसेना 24 सीटों से चुनाव लड़ेगी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा: मुरादाबाद पहुंचे राहुल और प्रियंका गांधी

# किसानों को कुचलने वालों के घर पर क्यों नहीं चलवाया बुलडोजर?

कांग्रेस महासचिव ने बीजेपी सरकार पर बोला हमला

**एजेंसी** | मुरादाबाद

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शनिवार को मुरादाबाद से फिर शुरू हो गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी नेता प्रियंका गांधी खुली जीप में सवार होकर निकले। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने दोनों नेताओं का स्वागत फूल बरसाकर किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भी हाथों में पार्टी का झंडा लेकर राहुल गांधी के साथ चलते हुए नजर आए। प्रियंका गांधी इस यात्रा में अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा और फतेहपुर सीकरी तक इस राहुल गांधी का साथ देंगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस दौरान बीजेपी सरकार पर जमकर बोला। प्रियंका गांधी ने कहा कि बार-बार केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार आ रही है, आपकी बेरोजगारी बढ़ रही है। दो साल पहले किसान आंदोलन कर रहे थे, आज भी किसान आंदोलन कर रहे हैं। तब भी उनकी सुनवाई नहीं थी आज भी नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब-जब इनका (बीजेपी) बुलडोजर चलता है



तो किसके घरों में चलता है? जिसने 6 किसानों को अपनी जीप के नीचे कुचला क्या उसके घर पर बुलडोजर चला? जिसने महिलाओं के साथ अत्याचार किया उसके घर पर बुलडोजर चला? प्रियंका गांधी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनते ही बेरोजगारी दर बढ़ गई है, जब तक आपको रोजगार नहीं मिलेगा, सुविधाएं नहीं मिलेंगी, पेपर लीक नहीं रुकेगा, विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बदलाव तभी होगा, जब आप अपने अनुभव के मुताबिक वोट डालेंगे।

### आज यात्रा में अखिलेश यादव भी होंगे शामिल

रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे। आगरा के बाद यह यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। 26 मार्च तक यात्रा में विराम होगा ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दो विशेष व्याख्यान दे सकें और नई दिल्ली में होने वाली पार्टी की कुछ अहम बैठकों में शामिल हो सकें। इसके बाद 2 मार्च को दोपहर दो बजे धौलपुर से एक बार फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, शाजापुर और उज्जैन सहित मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से गुजरेगी।

### भारतीय जनता पार्टी का काम ध्यान भटकाना: राहुल

पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा, आपको कहा जाता है कि भाइयों और बहनों एक दूसरे से नफरत करो एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है, एक जात को दूसरी जात से लड़ाया जाता है, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है, फिर आपका धन 24 घंटा आपसे लूटा जाता है...। अग्निवीर योजना लाई गई क्योंकि 90 फीसदी आबादी का रास्ता बंद करना था..., राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी का यही सिस्टम है। एक व्यक्ति ध्यान भटकाता है। कभी बॉलीवुड की बात करेगा, कभी सर्जिकल स्ट्राइक की बात करके आपका ध्यान भटकाएगा। उसके बाद पीछे से अडानी जी आएंगे और जेब काट जाएंगे। दूसरी तरफ अमित शाह जी चुप बैठकर देखते रहेंगे कि अगर किसी ने कुछ किया तो मैं फिर दिखाता हूं। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि इस देश में पिछड़ों की कितनी आबादी है। राहुल ने कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़े हैं, 15 फीसदी अल्पसंख्यक, 15 फीसदी दलित, और 8 फीसदी आदिवासी। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि इन 90 फीसदी की इस देश में कितनी भागीदारी है... इनमें से कितने मीडिया में हैं, कोई नहीं है। पीएम मोदी कहते हैं 'हिंदुस्तान सबका है, ये सबका हिंदुस्तान कैसा है?' यदि 90 फीसदी को कोई भागीदारी नहीं मिल रही है...।

PM ने 500 पैक्स की रखी आधारशिला

# दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना लॉन्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी अनाज भंडारण योजना के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस स्कीम के तहत देशभर में अनाज स्टोरेज बनाए गए हैं। इसे 11 राज्यों की 11 प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री ने गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देशभर में अतिरिक्त 500 PACS की आधारशिला भी रखी।

ये कार्यक्रम दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित किया गया था। इस योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश भर में 18,000 पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए एक प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन किया। इन पहलों का मकसद नाबार्ड और नेशनल को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न सप्लाई चेन के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव सेक्टर एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के



विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने कहा, आज हमने अपने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है।

इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों और उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें।

उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विशाल भंडारण सुविधाओं के निर्माण से किसान अपनी उपज को गोदामों में रखने, इसके बदले संस्थागत ऋण लेने और अच्छी कीमत हासिल करने में सक्षम होंगे।

दिल्ली-गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीटों का बंटवारा

# आप-कांग्रेस के बीच दिल्ली समेत चार राज्यों के लिए डील

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव




लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। AAP दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में सात लोकसभा सीट हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में सभी सीट भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने जीती थीं। गोवा की दोनों सीट पर कांग्रेस लड़ेगी।

कांग्रेस का भाजपा सरकार पर आरोप, कैग रिपोर्ट का दिया हवाला

# कोयले की नीलामी में नियम दरकिनार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि केंद्र ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों में बदलाव कर कोयले की नीलामी की और इससे राजस्व का भारी नुकसान हुआ।

विपक्षी दल ने यह भी पूछा कि कोयले की नीलामी को लेकर चिंता जाहिर करने वाले भाजपा के दो नेताओं के पत्रों पर सरकार और प्रधानमंत्री ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। कांग्रेस ने यह



भी पूछा कि क्या सरकार इस मामले की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आदेश देगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता आरके सिंह और राजीव चंद्रशेखर के पत्र दिखाए। पत्र में 2015 में कुछ कंपनियों को कोयले की नीलामी पर चिंता जताई गई थी और केवल दो कंपनियों को कोयले की नीलामी के लिए बोली लगाने की अनुमति दी गई थी। जिससे गुटबंदी हुई और राजस्व का नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में दोनों को मंत्री बना दिया गया और उसके बाद उनकी चिंताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पवन खेड़ा ने पूछा, क्या मोदी सरकार ईडी को छापे मारने का आदेश देगी और मिलीभगत व भ्रष्टाचार की इस घिनौनी कहानी की जांच करेगी?

### जयराम रमेश ने साधा निशाना

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की बात करते हैं। उन्होंने अपने कॉर्पोरेट चंदा देने वालों को एकमात्र गारंटी दी है। वह गारंटी है- चंदा दो, कोयला लो। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का श्वेतपत्र 2014 के कथित कोलगेट घोटाले पर चर्चा के साथ शुरू हुआ। लेकिन असली घोटाला पिछले दस वर्षों के अन्याय काल में हुआ, जब मोदी सरकार ने अपने ही नेताओं की चेतावनी के बावजूद कोयले की खदानों को अपने परम मित्र और सबसे बड़े चंदा दाता को सौंप दिया था।

15 राज्यों के 58 उम्मीदवारों का कच्चा चिट्ठा सामने आया

# राज्यसभा के 36% प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद में लाखों जनता के प्रतिनिधि बनकर पहुंचने वाले माननीय सांसदों पर भी आपराधिक मामले दर्ज होते हैं।

एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि राज्यसभा में निर्वाचित होने के लिए उम्मीदवार बने 36 फीसदी प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एडीआर ने 15 राज्यों के 58 प्रत्याशियों के शपथ पत्र का विश्लेषण करने के बाद बताया है कि जिन उम्मीदवारों के शपथ पत्र का विश्लेषण किया गया है इनका औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपए है। चुनाव से जुड़े तथ्यों का अध्ययन करने वाली संस्था-



एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, कुल 59 प्रत्याशी चुनावी रेस में हैं, लेकिन कर्नाटक के कांग्रेस उम्मीदवार जी सी चन्द्रशेखर के शपथ पत्र का विश्लेषण नहीं किया जा सका। स्कैन किए गए दस्तावेजों को पढ़ा नहीं जा सका, इस कारण विश्लेषण में केवल 58 प्रत्याशी ही गिने गए।

### 21% उम्मीदवारों की संपत्ति 100 करोड़ से ज्यादा

ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजेडी) के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत), और एक (100 प्रतिशत) तेलंगाना में 10 साल तक सत्ता में रही भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उम्मीदवार ने आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। सभी नेताओं ने अपने हलफनामे में खुद के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होना स्वीकार किया है। विश्लेषण के दौरान एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि का भी पता लगाया है। लगभग 21 प्रतिशत उम्मीदवार अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपए से अधिक है। राज्यसभा उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 127.81 करोड़ रुपए है।

### 17 फीसदी व्यक्तियों पर गंभीर आपराधिक आरोप

जिन 36 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से 17 प्रतिशत व्यक्तियों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं और एक उम्मीदवार पर हत्या के प्रयास से संबंधित मामले हैं। एडीआर के विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से आठ (27 प्रतिशत), कांग्रेस के नौ उम्मीदवारों में से छह (67 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल- तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के चार उम्मीदवारों में से एक (25 प्रतिशत), तीन में से दो (67 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी, (एसपी) उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस (वाईएसआरसीपी) के तीन उम्मीदवारों में से एक (33 प्रतिशत) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के दो उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत) प्रत्याशी के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज है।

# परीक्षा निरस्त होना युवाओं की जीत: अखिलेश यादव

**एजेंसी** | लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार है। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं। दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपए की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑन लाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

जरूरी खबर

## क्वाड पर सवाल उठाने पर चीन को दिया जवाब



**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश चीन एक बार फिर विदेश मंत्री जयशंकर के निशाने पर था। इस बार जयशंकर क्वाड के गठन के संदर्भ में चीन को संदेश दिया। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह क्वाड के बारे में जयशंकर ने कहा कि इसकी जरूरत इसलिए पड़ी ताकि कोई दूसरा हमारी पसंद पर वीटो ना लगा सके। इसके साथ ही उन्होंने क्वाड के भविष्य पर सवाल उठाने वाले चीन को यह भी संदेश दिया कि आने वाले दिनों में यह संगठन और विस्ताार करेगा, और मजबूत होगा। यह बात भारतीय विदेश मंत्री ने रायसीना डायलॉग परिचर्चा के तहत ही गठित क्वाड थिंक टैंक फोरम को संबोधित करते हुए कही।

## जीवित दस्तावेज हैं भारत-बांग्लादेश के संविधान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने भारत और बांग्लादेश के संविधान पर अहम बात कही। उन्होंने कहा, दोनों देश अपने संविधान को जीवित दस्तावेज के रूप में मान्यता देते हैं। बकौल सीजेआई चंद्रचूड़, हम मानते हैं कि हमारे संविधान जीवित दस्तावेज हैं। भारत की तरह बांग्लादेश के संविधान में भी घोषणा की गई है कि न केवल संविधान का निर्माण खुद लोगों द्वारा ही किया गया है, बल्कि संप्रभु राष्ट्रों के नागरिकों ने स्वयं इस संविधान को अंगीकार भी किया है।

## बिहार को आज करोड़ों की सौगात देंगे पीएम

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पूरे देश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 से अधिक स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास तथा 1585 से अधिक नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज व आरयूबी/एलएचएस का लोकार्पण करेंगे। इनमें बिहार के 33 स्टेशन एवं 72 आरओबी/आरयूबी/एलएचएस शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडल के अंतर्गत 3029 करोड़ रुपये की लागत से कुल 38 स्टेशनों के पुनर्विकास तथा 29 आरओबी तथा 50 आरयूबी/एलएचएस का शिलान्यास/लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। पूर्व मध्य रेल के 38 स्टेशनों में से बिहार में 22, झारखंड में 14 एवं उत्तर प्रदेश में 02 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है।

## माघ पूर्णिमा: 38 लाख से ज्यादा लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी



*__प्रयागराज।__ संगम नगरी में माघ मेले के पंचम स्नान पर्व माघ पूर्णिमा पर शनिवार को 'हर हर गंगे' उद्घोष के बीच शाम छह बजे तक लगभग 38।20 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। माघ पूर्णिमा स्नान के साथ कल्पवासी एक महीने का कल्पवास पूरा कर अपने अपने घरों को लौटने लगे। माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह से ही बादल छाए रहने और ठंडा मौसम रहने के बावजूद शनिवार शाम छह बजे तक करीब 38।20 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया।*

## देश में 119 करोड़ हुए टेलीकॉम सब्सक्राइबर्स



**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ वर्षों में टेलीकॉम सब्सक्राइबर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। पिछले वर्ष दिसंबर में टेलीकॉम सब्सक्राइबर बेस महीना-दर-महीना आधार पर मामूली बढ़कर119 करोड़ का था। बड़ी टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो के सब्सक्राइबर्स की संख्या मजबूत हुई है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार, दिसंबर में मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 119.03 करोड़ पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने में यह संख्या 118.57 करोड़ की थी। वोडाफोन के सब्सक्राइबर्स की संख्या 13.68 लाख घटी है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी BSNL की सर्विस को लगभग 1.5 लाख सब्सक्राइबर्स ने छोड़ा है। कॉल ड्रॉप की समस्या के समाधान के लिए TRAI कड़े रेगुलेशन बनाने पर विचार कर रहा है।

वाहनों की आवाजाही से लोगों को मिली राहत

# खुलने लगी राह, सिंघु व टिकरी बॉर्डर पर पुलिस ने अवरोध हटाए

■ किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने दिल्ली हरियाणा सीमा की थी सील

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बीते कई दिनों से किसान अपनी मांगों को लेकर पंजाब हरियाणा बार्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान राजधानी दिल्ली में जाकर प्रदर्शन करना चाह रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने सिंघु और टिकरी बार्डर को सील कर दिया था। रास्ता खोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर की गई थी। हालांकि किसानों ने 29 फरवरी को होने वाले दिल्ली चलो मार्च को स्थगित कर दिया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने सिंघु और टिकरी बार्डर को आंशिक रूप से खोल दिया। शनिवार को पुलिस ने जेसीबी मशीनों से अवरोधों को तोड़ दिया और डिवाइडर को क्रेन लगा कर हटा दिया। बता दें, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य, स्वामीनाथ आयोग रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने, कृषि ऋण सहित कई अन्य मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब से दिल्ली चलो मार्च शुरू किया था।




### 29 को होगा आगे का ऐलान

किसान नेता ने कहा, डब्ल्यूटीओ या वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाजेशन को उखाड़ फेंकना और भारत को वैश्विक व्यापार संगठन से बाहर करना महत्वपूर्ण है। किसान नेता कोहाड़ ने कहा कि 26 फरवरी को हम डब्ल्यूटीओ का पुतला जलाएंगे और फिर एसकेएम अराजनीतिक और अन्य कृषि संघ एक बैठक करेंगे। 29 फरवरी को हम आंदोलन के लिए भावी आह्वान करेंगे। मसलन, 29 फरवरी तक किसानों ने अपने दिल्ली कूच को स्थगित कर रखा है। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी पार्टी किसानों की पार्टी है, हम उनकी मांग के साथ खड़े हैं।

### पैसे के लालची नहीं, हमें चाहिए न्याय

मृतक किसान शुभकरण सिंह की भावुक बहन गुरप्रीत ने कहा, "हम पैसे या नौकरी के लालची नहीं हैं, हम केवल न्याय चाहते हैं। भाई के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए।" पंजाब सरकार ने मृतक किसान की बहन को 1 करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की पेशकश की है। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक पंजाब सरकार FIR दर्ज नहीं करेगी, तब तक शुभकरण का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ समिति की बैठक

## यात्रियों की सुविधाओं पर 10 करोड़ होंगे खर्च



**एजेंसी** | देहरादून

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की बैठक में इस वर्ष होने वाली चारधाम यात्रा और यात्रियों की सुविधा के लिए 116. 24 करोड़ का बजट पारित किया गया। साथ ही यात्री सुविधाओं के विकास के लिए बीकेटीसी प्रदेश सरकार को 10 करोड़ की धनराशि देगी। बैठक में मंदिर समिति के धार्मिक सेवा संवर्ग सेवा नियमावली-2024 के तहत भर्ती प्रक्रिया व नियमानुसार वेदपाठी, पुजारी पदों पर नियुक्ति, यात्राकाल में व्यवस्था, प्रबंधन, साफ-सफाई के लिए अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती पर भी चर्चा की गई। शनिवार को कैनाल रोड स्थित बीकेटीसी कार्यालय में अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें 116 करोड़ 24 लाख 77 हजार 26 रुपए का बजट पारित किया गया। बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्तावित आय 54 करोड़ 44 हजार 601 रुपए, केदारनाथ धाम के लिए 62 करोड़ 24 लाख 32 हजार 425 रुपए आय का बजट प्रस्तुत किया गया। दोनों धामों के लिए 97 लाख 46 हजार 26 रुपए व्यय प्रस्तावित किया है। केदारनाथ व बदरीनाथ यात्रा मार्ग व धामों में विभिन्न यात्री सुविधाओं के विकास के लिए 10 करोड़ की धनराशि प्रदेश सरकार को देने का निर्णय लिया गया है।

यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ पहला कदम

# असम में खत्म किया मुस्लिम मैरिज एक्ट

**एजेंसी** | गुवाहाटी

बीजेपी शासित राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता को लेकर माथापच्ची जारी है। उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने तो इसका बिल भी विधानसभा में पारित कर दिया है। इस बीच अब असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की कैबिनेट ने मुस्लिम मैरिज एक्ट को खत्म करने का फैसला किया है।



इसे भी यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ पहले कदम के तौर पर देखा जा रहा है। अब सवाल यह है कि आखिर मुस्लिम मैरिज एक्ट के हटने के बाद असम में मुस्लिम समुदाय के लिए क्या बदलाव होंगे। मुस्लिम मैरिज एक्ट को निरस्त करने को लेकर असम सरकार का कहना है कि इसमें शादी और तलाक का रजिस्ट्रेश अनिवार्य नहीं है और रजिस्ट्रेशन का प्रोसेस भी काफी अनौपचारिक है। इसके चलते नियमों के उल्लंघन की संभावनाएं बढ़ जाती है, इसीलिए इसे निरस्त किया गया है। सरकार का कहना है कि मुस्लिम मैरिज एक्ट के जरिए आसानी से बालविवाह हो रहा था, जिसके चलते इसे खत्म करने का फैसला ज्यादा अहम है।

बदलाव की बात करें तो अब शादी होने के बाद कानून रद्द होने के चलते लोग शादी और तलाक का रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाएंगे। इसको लेकर जानकारी दी गई है कि अब निकाह का तलाक का रजिस्ट्रेशन जिला आयुक्त और जिला रजिस्ट्रार 94 के जिम्मे होगा। सरकार चाहती है कि सभी विवाहों को विशेष विवाह अधिनियम के तहत ही रजिस्टर किया जाए। साथ ही पुराने कानून का गलत तरीके से इस्तेमाल करके कम उम्र के लड़कों और लड़कियों का भी रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

साथ ही मुस्लिम मैरिज एक्ट में उम्र को लेकर कोई प्रवाधान नहीं थे लेकिन अब नए निमय के तहत उम्र की एक समान सीमा भी लागू रहेगी। अब लड़के की उम्र 21 और लड़की की उम्र 18 होने पर भी विवाह का रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। विवाह स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर होगा।

## वित्त मंत्री ने मुंबई लोकल में किया सफर



*__मुंबई।__ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मुंबई लोकल में सफर का अनुभव लिया। वित्त मंत्री के कार्यालय की ओर से केंद्रीय मंत्री की घाटकोपर से कल्याण स्टेशन तक की यात्रा की तस्वीरें साझा की गईं। तस्वीरों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहयात्रियों के साथ बातचीत करते हुए दिख रही हैं।*

रक्षा सम्मेलन में बोले राजनाथ


# चुनौतियों का सामना करने के लिए तीनों सेनाओं में बेहतर तालमेल

■ भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। जबकि सैन्य साजो-सामान का निर्यात 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा सम्मेलन के दौरान शनिवार को यह बात कही।

रक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेना के तीनों अंग पहले अलग-अलग रहकर काम करते थे। लेकिन, अब वे बेहतर समन्वय के साथ मिलकर हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं।



रक्षा मंत्री ने कहा, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,35,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की पूंजी अधिग्रहण परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई और सरकार अगले पांच वर्षों में भारत में एयरो इंजन और गैस टर्बाइन जैसी प्रणालियो के उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### सेनाओं के एकीकरण पर फोकस

राजनाथ सिंह ने कहा, सरकार सेना, नौसेना और वायुसेना के एकीकरण पर फोकस कर रही है, जो संकट के समय में समन्वय को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, पहले सेना के तीनों अंग अलग-अलग काम करते थे। हमने उनके एकीकरण पर फोकस किया। यह परंपरा से हटकर कदम था। लेकिन यह वक्त की जरूरत था। शुरुआत में इसमें थोड़ा दिक्कतें थीं। लेकिन आज हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ मिलकर हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

### 'मेक इन इंडिया' को आगे बढ़ाया: DRDO प्रमुख

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर वी कामत ने कहा कि भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की सरकार प्रतिबद्धता से इस क्षेत्र में लंबी छलांग लगी है। मेक इन इंडिया की सफलता की कहानी के बारे में पूछे जाने पर कामत ने कहा, कई कारकों ने इस कहानी को संभव बनाया है। आत्मनिर्भर बनना है। मुझे लगता है कि यह सबसे महत्वपूर्ण कारक था, जिसने कहानी को बदल दिया। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से आत्मनिर्भरता की बात कर रहे थे। लेकिन सरकार की ओर से कोई मजबूत संकल्प नहीं था। एक बार जब मौजूदा सरकार सत्ता में आई तो उन्होंने वास्तव में आत्मनिर्भरता के प्रयासों को आगे बढ़ाया है।

### रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता

राजनाथ सिंह ने कहा, कम समय में हथियारों के आयात पर प्रतिबंध लगाना मुश्किल है। लेकिन चुनौती धीरे-धीरे अवसर में बदल रही है। भारत दुनिया के रक्षा औद्योगिक परिदृश्य में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, आज हमारी सेना उन हथियारों और प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रही है, जिनका निर्माण हमारी अपनी धरती पर किया गया है। रक्षा मंत्री ने कहा, कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है। रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आज के समय में भारत के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, इससे पहले भारत को हथियार आयातक देश के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम अपने कंफर्ट जोन से बाहर आ गए हैं। भारत ने शीर्ष 25 हथियार निर्यातक देशों की सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा, सात-आठ साल पहले रक्षा निर्यात एक हजार करोड़ रुपए तक भी नहीं पहुंचा था। आज यह 16 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपए और रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है।

## विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का आयोजन

# दशकों का इतिहास अपने में समेटे गुलाबी नगरी पहुंची विंटेज कारें

**बेधड़क.जयपुर।** अपने में कई दशकों के इतिहास को समेटे कारें जब एक ही परिसर में खड़ी हुईं तो हर कोई उनकी और आकर्षित नजर आया। हर कार अपनी एक कहानी कह रही थीं, जिसमें कई किस्से-कहानियां छुपी थीं। यंग जनरेशन के साथ हर उम्र के लोग इस इन कारों को पास से देखने पहुंच गए। मौका था जयपुर में राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब जयपुर की माइलस्टोन 25वीं विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन और ड्राइव का, जिसमें पहले दिन देश भर से आई कारों को डिस्प्ले किया गया। एग्जीबिशन में भारत के विभिन्न हिस्सों जयपुर, दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, मुंबई और राजस्थान के कई शहरों से लगभग 120 कारें शामिल हुईं हैं। इसमें कुछ अनूठी कारें 1913 फोर्ड मॉडल टी, 1923 ऑस्टिन चम्मी, 1931 कैडिलैक वी-16, 1936 एसी 16/17 रंबल, 1934 रोल्स रॉयस, 1958 कैडिलैक, 1958 शेवरले इम्पाला, 1952 पैकर्ड कैवेलियर, इंपीरियल आदि शामिल हैं।



फोटो: राजेश कुमावत









### आज गुलाबी नगरी की सड़कों पर दौड़ेंगी विंटेज कारें


रविवार सुबह 11.30 बजे ताज जय महल पैलेस से स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान गजेंद्र सिंह खींवसर और ताज ग्रुप ऑफ होटल्स जयपुर के क्षेत्र निदेशक अशोक राठौड़ ड्राइव को हरी झंडी दिखाएंगे। लोगों को देखने और आनंद लेने के लिए कारें जयपुर की सड़कों पर चलाई जाएंगी। गवर्नमेंट हॉस्टल, एमआई रोड, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्कल, अंबेडकर सर्कल, चोमू सर्कल से अंत में ड्राइव प्रतिभागियों के लंच के लिए जय महल पैलेस में वापसी करेगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे पुरस्कार वितरण समारोह होगा, जिसमें उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी शामिल होंगी। 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए पिछले कुछ वर्षों के आयोजन के फोटोग्राफ्स शोकेस किए जाएंगे। इसमें कारों की और राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, रॉयल्टीज आदि की विभिन्न तस्वीरें शामिल होंगी, जो 10 से 120 कारों तक की यात्रा में साथ रहे। जश्न मनाने के लिए इवेंट के बाद सवाई पद्मनाभ सिंह के निमंत्रण पर जयपुर ओपन पोलो फाइनल देखने के लिए राजस्थान पोलो ग्राउंड जाएंगे। विंटेज और क्लासिक कारों को पोलो ग्राउंड पर ही निर्धारित पार्किंग में पार्क किया जाएगा, जिससे मैच के लिए शानदार बैकड्रॉप मिलेगा।

## व्याख्यानमाला का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के तत्वावधान में संस्था प्रांगण में संत व समाज सुधारक गुरु रविदास की जयंती मनाई गई और व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। उनके के जीवन-दर्शन व वैचारिक शैली पर सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा आईपीएस, जी.एल. वर्मा महासचिव व दयानंद सक्करवाल कोषाध्यक्ष ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में भीष्मदेव आर्य, महेश धावनिया, एडवोकेट गुरुप्रसाद लेखरा, रोहित खन्ना, प्रशांत मेहरड़ा, शिव शंकर छत्रपति, रामप्रसाद बैरवा, पूरनमल मेहरड़ा, ईरा बोस, किर्तिराज हाड़िया, एडवोकेट हितेश राही, दिनेश कुमार बुनकर, हेमलता बैरवा (अध्यापिका) आदि मौजूद रहे।

## भगवान पदमप्रभ का मोक्ष कल्याणक 28 फरवरी को



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभ स्वामी का मोक्षकल्याणक पर्व 28 फरवरी को मिती फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी संवत 2080 के दिन मनाया जाएगा। टोंक रोड़ स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में आयोजन होगा और भगवान पदमप्रभ की विशाल व खड्गासन प्रतिमा पर पंचामृतों महामत्काभिषेक के आयोजन के साथ छठे तीर्थंकर भगवान को छः किलो का निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा। क्षेत्र के मानद मंत्री अधिवक्ता हेमंत सोगनी ने बताया, कि शुरुआत सुबह 7.15 बजे भू-गर्भ से प्राप्त मूलनायक पदमप्रभ भगवान के विशेषाभिषेक से प्रारंभ होगी।

## ...घड़ी अभी रुकी नहीं का लोकार्पण




**बेधड़क. जयपुर।** प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से रविवार को डॉ. राधाकृष्णन पुस्तकालय में कवयित्री, कहानीकार, शिक्षाविद व सामाजिक कार्यकर्ता अनुपमा तिवाड़ी की 5वीं पुस्तक "चलो कि घड़ी अभी रुकी नहीं"का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ अध्यक्ष गोविंद माथुर, विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक दूरदर्शन व साहित्यकार नन्द भारद्वाज, अतिथि वरिष्ठ कवयित्री सुश्री अजंता देव, मुख्य वक्ता वरिष्ठ कवि कैलाश मनहर होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अजय अनुरागी करेंगे।

## City इवेंट्स

### वॉटरमेट स्टॉलियंस इंडिया टीम रही विजेता



**बेधड़क. जयपुर।** वॉटरमेट स्टॉलियंस इंडिया ने शानदार खेल के दम पर मैच जीतकर रोमांच जगाया। मुकाबला वॉटरमेट स्टेलियंस इंडिया और टीम रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड के बीच हुआ, जिसमें टीम वॉटरमेट स्टॉलियंस इंडिया 5-4 स्कोर से विजेता रही। मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब करण थापर को मिला। विजेता टीम से जैसल सिंह और कुलदीप सिंह राठौड़ ने 2-2 गोल किए। सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया। टीम रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड के लिए गोंची बरनाल ने 2 गोल, करण थापर और लांस वाटसन ने 1-1 गोल किया। फाइनल के लिए टीम कैरेसिल अरावली पोलो और विमल एरियन अचीवर्स के बीच मुकाबला होगा।

### नेत्रदानी परिवारजनों का सम्मान आज

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान आई बैंक सोसायटी की ओर से रविवार को नारायण सिंह सर्कल स्थित भट्टारकजी की नसियां में नेत्रदानी परिवारों को अंधता निवारण में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। आई बैंक सोसायटी अध्यक्ष बी. एल शर्मा ने बताया, की समारोह में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर साहू, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा व एसएमएस हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा लगभग 70 नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित करेंगे। अध्यक्ष बी. एल. शर्मा ने बताया, कि आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान अखिल भारतीय सेवा के सेवा निवृत्त अधिकारियों, समाजसेवा से जुड़े महानुभावों द्वारा स्थापित, संचालित व वित्त पोषित देश का एक मात्र आई बैंक है। बैंक ने फरवरी 2022 में स्थापना से लेकर जनवरी 2024 तक नेत्रदान के लिए मृत्युपरान्त इच्छा व्यक्त करने अथवा परिवारजनों की सहमति के आधार पर कुल 22 हजार 62 कोर्निया दान में प्राप्त किए। इनमें से 14 हजार 169 कोर्निया अंधकार में जीवन जी रहे लोगों के जीवन में रोशनी लाने के लिए उनकी आंखों में प्रत्यारोपित कराए गए।

### शास्त्र और लोक के फ्यूजन से जमाया रंग



**बेधड़क. जयपुर।** नौजवान पीढ़ी में सांस्कृतिक संस्कारों के प्रसार के लिए चलाए जा रहे संगीत अभियान संगत की कड़ी में सारंगी ने रंग जमाया। संग शास्त्र और लोक के फ्यूजन संगीत से श्रोताओं मंत्रमुग्ध नजर आए। संगत की शुरुआत राग देस में "लाज मेरी राखो जी महाराज" गणेश वंदना से हुई। इसके बाद सारंगी पर श्याम धनी के गीत, केसरिया मांड, राग भैरव में नींदडली, गोरबंद और छाप तिलक का फ्यूजन हुआ। इस मौके पर नाट्य निर्देशिका सुप्रिया शर्मा, कवि राघवेंद्र रावत, छायाकार सत्येंद्र सिंह और साहित्यकर्मी रमेश शर्मा रहे।

## दाल-बाटी-चूरमा का दिया गया भोजन

# धोती-कुर्ता और पगड़ी में दुनिया-भर के भक्तों के बीच दी आहुतियां



**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में राम मंदिर में राम लला के विराजमान होने के उपलक्ष्य में मुंबई के खारघर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में अश्वमेध महायज्ञ में राजस्थानी की छटा रही। राजस्थान के कार्यकर्ताओं ने राजस्थानी पगड़ी और धोती-कुर्ता पहनकर हवन किया। ऋषि ज्ञान आत्मानंद महाराज ने गुरुसत्ता का पूजन किया। उन्होंने कहा, कि गायत्री परिवार जन-जन को सद्बुद्धि की शरण में जाने के लिए प्रेरित कर रहा है। शांतिकुंज हरिद्वार में गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी जय सिंह यादव ने वेद माता का पूजन किया। हवन के बाद श्रद्धालुओं को राजस्थानी भोजन दाल, बाटी, चूरमा, बाजरे की रोटी, केर सांगरी की सब्जी परोसी गई। खास बात रही, कि भोजन केले के छिलके से तैयार पर्यावरण अनुकूल प्लेट में परोसा गया। राजस्थान के कार्यकर्ता महिलाएं रंग-बिरंगी लुगड़ी और परंपरागत आभूषण पहने हुए राजस्थानी संस्कृति को जीवंत किया। गायत्री परिवार राजस्थान समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया, कि अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रमुख शैल बाला पंड्या और अश्वमेध महायज्ञ के दल नायक डॉ. चिन्मय पंड्या के सानिध्य में 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ किया। राष्ट्र को समर्थ बनाने, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष आहुतियां अर्पित की गई।

## फ्रेंड्स थेरेपी पर लेडीज ने एंजॉय की प्यजामा पार्टी

# हेल्दी लाइफ स्टाइल और खुद को समय देने का दिया मैसेज



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर की लेडीज ने भाग-दौड़ भरी जिंदगी से स्वयं के लिए टाइम निकाला और हेल्दी व हेप्पी लाइफ स्टाइल का मैसेज दिया। सभी ने अपने-अपने अंदाज में कुछ समय खुद के लिए निकालकर उसे जिया। नजारा था एफबीएस ग्रुप के मैंबर्स की ओर से गेट टू गेदर करते हुए लेडीज को हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज देने का। इस दौरान हुई प्यजामा पार्टी के रंग अलग ही थे। पार्टी में मैंबर्स ने डी स्ट्रेस के नुस्खे सीखे। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया, कि मैंबर्स को एक स्ट्रेच में काम कैसे करना चाहिए और बीच बीच में हेप्पी ब्रेक्स का इम्पोर्टेंस सिखाया।

डांस एक्सपर्ट गरिमा शितुत ने डी स्ट्रेस डांस अलॉग कराया। वहीं सलोनी गुप्ता ने सभी को गिफ्टिंग के साथ फन एंड एंटरटेनमेंट कराया। प्राची खंडेलवाल, सूचिता मानक बोहरा, वैशाली मोदी ने लेडीज को मजेदार गेम्स खिलाए और एक-दूसरे से नेटवर्क बढ़ाने का फायदा बताया। फ्रेंडशिप मीट में सभी ने ट्रेंडिंग को-ओर्ड सेट्स पहनकर ट्रेंडिंग रिल्स मस्ती, दोस्तों के साथ प्यजामा पार्टी इंजॉए की। नीलिशा केडिया ने क्रिएटिविटी के साथ पार्टी डिजाइन की।

पार्टी में साक्षी मेहता, विदिशा जैपुरिया, रीना अग्रवाल, हर्षा गुप्ता, सीमा गोयल, कीर्ति बकलीवाल, निशा सिंह, सोनम पटोदिया, समीक्षा गुप्ता आदि ने पार्टिसिपेट किया।

**सिनेमा** सिद्धार्थ और राशि ने जयपुराइट्स को किया चीयर

# 'योद्धा' का पहला रोमांटिक सॉन्ग 'जिंदगी तेरे नाम' लॉन्च

**बेधड़क** | जयपुर

देश जयपुर में एक बार फिर बॉलीवुड स्टार्स की चहलकदमी रही और उन्होंने यूथ के साथ चीयरअप किया। इस बार एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना "योद्धा" मूवी के लिए जयपुर आए और उन्होंने यूथ के बीच जाकर प्रमोशन करने के साथ ही मूवी से जुड़े अनुभव शेयर किए। गाने के वीडियो में सिद्धार्थ और राशि की रोमांटिक केमिस्ट्री देखते ही बनती है। इस अवसर पर एक्टर ने अपनी लाइफ और बॉलीवुड के सफर पर भी खुलकर बात की।




### देखने लायक है सिद्धार्थ और राशि की रोमांटिक केमिस्ट्री

रोमांटिग सॉन्ग "जिंदगी तेरे नाम" का लॉन्च भी खास रहा, जिसमें स्टार्स मौजूद रहे। एक्शन थ्रिलर फिल्म के पहले गाने की लॉन्चिग की गई। विशाल मिश्रा की आवाज में गाने की धुन खास है। गाने के वीडियो में सिद्धार्थ और राशि की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली। इस मौके पर कलाकारों ने बताया, कि गाना फिल्म के रोमांटिक पल को खास बनाता है और फिल्म की कहानी को नया मोड़ देता है। सिद्धार्थ ने कहा, कि गाना मेरे लिए खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है, कि दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छूएगा। वहीं राशि खन्ना ने कहा कि जिंदगी तेरे नाम' सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा गाना प्यार की कहानी बयान करता है। गौरतलब है, कि मूवी एक रोमांचक कहानी है, जिसमें देश भक्ति, वीरता और प्यार का मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है। दिशा पाटनी भी अहम किरदार में नजर आएंगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 25 फरवरी, 2024





उम्मीद मत छोड़ो, जब आपको लगेगा कि अब कुछ नहीं हो सकता, तभी चमत्कार होगा।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## पूर्वी चीन में एक महीने में दूसरा बड़ा हादसा, जियांग्सू प्रांत की बिल्डिंग में लगी आग...

# 15 लोगों की मौत और 44 घायल



**एजेंसी** | बीजिंग

चीनी बिल्डिंग में लगी आग के कारण 15 लोगों की मौत होने की सूचना है। हादसे में 44 लोग घायल भी हुए हैं। उनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत में नानजिंग में हुए इस हादसे के बारे में नगरपालिका के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

यह इमारत नानजिंग के युहुताई जिले में स्थित है, जो आठ मिलियन से अधिक की आबादी वाला शहर है और शंघाई से लगभग 260 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बसा है। एक महीने के भीतर यह दूसरा बड़ा हादसा है। ऐसे ही एक अन्य हादसे में 39 लोगों की मौत हुई थी। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आग इमारत की पहली मंजिल पर लगी, जहां इलेक्ट्रिक साइकिलें रखी थीं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार,चीन में करीब एक महीने में यह दूसरी बड़ी आग दुर्घटना है।

इससे पहले पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत के जिन्यू शहर में 24 जनवरी को एक इमारत में भीषण आग लगी थी। इसमें 39 लोगों की मौत हुई थी, जबकि नौ अन्य घायल हुए थे। जिन्यू के युशुई जिले में सड़क किनारे की दुकान में आग लगी थी।

### राष्ट्रपति ने जाहिर की थी चिंता

रिपोर्ट के मुताबिक चीन में ढीले सुरक्षा मानकों और खराब व्यवस्था के कारण आग और अन्य घातक दुर्घटनाएं आम हैं। चीन में हाल के महीनों में कई आग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं में अक्सर आधिकारिक लापरवाही पाई गई। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पिछले महीने लगातार घट रही दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की थी। साथ ही बड़े प्रयास करने का आह्वान किया था।

### 25 दमकल की मदद से आग पर पाया काबू

प्रारंभिक विश्लेषण में साफ हुआ है कि आग इमारत के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक साइकिलों के कारण लगी। अधिकारियों ने कहा कि दमकल विभाग की 25 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। उधर, चीनी सोशल नेटवर्क पर प्रसारित फुटेज में आधी रात में एक गगनचुंबी इमारत में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जिसमें से काला धुआं निकल रहा है।


## यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर बाइडेन नाराज

# अमेरिका ने रूस पर लगाए 500 से ज्यादा प्रतिबंध

**एजेंसी** | वाशिंगटन

यूक्रेन-रूस युद्ध के शनिवार को दो साल पूरे हो गए। रूस ने 24 फरवरी, 2022 को ही यूक्रेन में अपना विशेष सैन्य अभियान शुरू किया था। इसकी दूसरी बरसी की पूर्व संध्या पर अमेरिका ने रूस के खिलाफ 500 से अधिक नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा कि रूस के आर्कटिक क्षेत्र में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत की वजह से भी नए प्रतिबंध लगाए गए हैं।

वाशिंगटन ने दावा किया कि नवलनी की मौत के लिए रूसी सरकार जिम्मेदार है। बाइडेन ने कहा कि ये प्रतिबंध नवलनी के कारावास से जुड़े व्यक्तियों के साथ-साथ रूस के वित्तीय क्षेत्र, रक्षा औद्योगिक आधार, खरीद नेटवर्क और कई महाद्वीपों में प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों को लक्षित करेंगे।



### ग्लोबल इकॉनोमी पर संकट

नए प्रतिबंधों के जरिए रूस की भुगतान प्रणाली, वित्तीय संस्थानों और उसके सैन्य औद्योगिक आधार, भविष्य के ऊर्जा उत्पादन और अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। इससे वैश्विक आर्थिक संकट का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका ने प्रतिबंधों के लिए 200 पन्नों की लिस्ट जारी की है। गौर करने वाली बात यह है कि इस लिस्ट से कंपनियां और मेटल सेक्टर, ज्यादा एनर्जी रिलेटेड पनिशमेंट और बैंकों रिलेटेड सेक्टर्स ने नाम गायब हैं।

### नए प्रतिबंध रूस के मूल हितों पर हमला: एंटोनोव

रूस की RIA समाचार एजेंसी ने अमेरिका में रूसी राजदूत अनातोली एंटोनोव के हवाले से कहा कि नए प्रतिबंध रूस के मूल हितों पर हमला हैं, लेकिन मॉस्को उनकी रक्षा करता रहेगा। ईयू, ब्रिटेन और कनाडा ने भी रूस के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने शुक्रवार को लगभग 300 लोगों और संस्थाओं को बैन करने की कार्रवाई की, जबकि स्टेट डिपार्टमेंट ने 250 से अधिक लोगों और संस्थाओं को बैन किया और वाणिज्य विभाग ने 90 से अधिक कंपनियों को इस लिस्ट में जोड़ा।

### लिस्ट में जेल के वॉर्डन का भी नाम

अमेरिकी की तरफ से जारी की गई लिस्ट में उन लोगों और संस्थाओं के भी नाम शामिल हैं, जिन पर पहले भी प्रतिबंध लगाया गया था। इस लिस्ट में उस जेल के वॉर्डन का भी नाम शामिल है, जहां विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हुई थी। इसके साथ ही फेडरल पेनिटेंटरी सर्विस के डिप्टी डायरेक्टर को भी लिस्ट में जोड़ा गया है। इन नामों के अलावा एक रूसी जहाज निर्माता पर भी बैन लगाया गया है, जिसने 15 लिक्विफाइड नेचुरल गैस टैंकरों के उत्पादन में मदद की थी। अमेरिका ने वित्तीय प्रतिबंधों की सूची में साइबेरिया में आर्कटिक एलएनजी 2 परियोजना को भी शामिल किया है। इससे रूस के भविष्य के ऊर्जा उत्पादन और निर्यात को झटका लग सकता है।

## पेरिस कृषि मेले में जमकर किया उपद्रव

# फ्रांस में किसानों ने किया हिंसक प्रदर्शन

**एजेंसी** | पेरिस



फ्रांस में जारी किसान आंदोलन अब हिंसक रूप लेता नजर आ रहा है। किसानों ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे से पहले पेरिस कृषि मेले में जमकर उपद्रव किया। ये किसान लागत, लालफीताशाही और हरित नियमों को लेकर गुस्से में हैं। कृषि मेले के अंदर इन किसानों का सामना पुलिस से भी हुआ, लेकिन तादाद ज्यादा होने के कारण किसानों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ जमकर अपशब्दों का इस्तेमाल किया और उनके इस्तीफे की मांग की। इस उपद्रव में शामिल कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस बीच मैक्रों ने फ्रांसीसी किसान संघ के नेताओं से मुलाकात की। उसके बाद उन्होंने कृषि व्यापार मेले में घूमने का कार्यक्रम भी बनाया। विरोध प्रदर्शन के कारण कृषि मेले को जनता के लिए खोलने में कम से कम एक घंटे की देरी हुई।




## भयावह एटमी धमाका

# 25 लाख में नीलाम हुई बंद पड़ी घड़ी

**एजेंसी** | बोस्टन

कोई इंसान बंद घड़ी के लिए लाखों रुपए खर्च कर सकता है। ज्यादातर लोग इसका जवाब नहीं में देंगे, लेकिन हाल ही में अमेरिका के बोस्टन में एक नीलामी के दौरान एक बंद घड़ी के लिए 25 लाख रुपए की बोली लगाई गई। दरअसल, यह घड़ी साल 1945 में हिरोशिमा-नागासाकी में हुए परमाणु बम विस्फोट से जुड़ी हुई। उस भयानक बम विस्फोट के बाद एक सैनिक को यह घड़ी मिली थी।

सबसे खास बात यह की इसकी सुई ठीक उसी समय पर रुकी हुई है, जब यह भयावह एटमी धमाका हुआ था। बर्फ में जमी मिली इस घड़ी की सुई सुबह 8:15 बजे पर ठिठकी है। ठीक इसी वक्त 1945 में दुनिया के सबसे बड़े और विनाशकारी धमाके हुए थे।



### किसने कराई नीलामी

इस घड़ी की नीलामी आरआर ऑक्शन हाउस की ओर से कराई गई। ऑक्शन हाउस ने खुलासा किया कि एक ब्रिटिश सैनिक, जब हिरोशिमा में आपातकालीन सहायता करने और पुनर्निर्माण की जरूरतों का आकलन करने के मिशन पर था, तो उसे प्रीफेक्चुरल प्रमोशन हॉल में यह कलाई घड़ी मिली। यह कलाई घड़ी बर्फ से जमी हुई थी। यह सैनिक अपने साथ इस कलाई घड़ी को लेकर आ गया था। आरआर ऑक्शन के एक्यक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट बॉबी लिविंगस्टन ने कहा कि यह कलाई घड़ी ऐसी है जिसे संग्रहित करके रखा जा सकता है।

### क्या है हिरोशिमा-नागासाकी बम विस्फोट

साल 1945 में, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, बी-29 एनोला गे नामक विमान से "लिटिल बॉय" नामक एक विशाल बम गिराया गया था। इस बम ने इतिहास बदल दिया और युद्ध का एक बड़ा हिस्सा था। एनोला गे वह विमान था जिसने इस शक्तिशाली बम को ले जाकर जापान के हिरोशिमा शहर के ऊपर छोड़ा था। इस घटना का दुनिया पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा और युद्ध में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। इस विस्फोट को दुनिया के इतिहास में अब भी याद किया जाता है। इसके प्रभाव के कारण कई दशकों तक जापान में विकलांग बच्चे पैदा होते रहे।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl